दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 285
कोटद्वार बुधवार
22 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## मोदी सरकार ने चीन को लेकर रक्षात्मक रुख अपनाया: एस जयशंकर

### चीन सीमा विवाद से लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी तक, एस जयशंकर ने राहुल गांधी को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत चीन सीमा विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की है। राहुल गांधी ने देश के विदेश मंत्री एस जयंशकर पर भी सीमा विवाद को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कई बार मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोदी सरकार चीन को लेकर रक्षात्मक रूख अपना रही है।

मंगलवार को एस जयशंकर ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक रेखा पर सेना भेजी थी। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी दलों को ईमानदारीसे यह बात सोचनी चाहिए की साल 1962 में क्या हुआ था। समाचार एजेंसी एएनआइ से बातचीत के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी सरकार ने सीमा अवसंरचना को बढ़ाने के लिए बजट में पांच गुना बढ़ोतरी की है।

बता दें कि पिछले साल चीन द्वारा पेंगोंग झील (च्ंदहवदह संम) पर पुल बनाने को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर सवाल खड़े किए थे। इस मामले पर विदेश मंत्री ने बताया कि जिस क्षेत्र पर पुल बनाया जा रहा था, वह क्षेत्र 1962 के युद्ध के बाद से चीन के अवैध कब्जे में था। विदेश मंत्री ने कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को को श्सीश अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों को समझने में कोई दिक्कत है।

जयशंकर ने आगे सवाल उठाया कि जिस क्षेत्र पर चीन पुल बना रहा था, वो क्षेत्र चीन के कब्जे में कब आया। उन्होंने कहा कि चीन पहली बार उस क्षेत्र में साल 1958 में आए थे और चीन ने 1962 के अक्टूबर महीने में उस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। क्या आप साल 1962



में चीन द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र का दोष, साल 2023 में पीएम मोदी को देंगे। एस जयशंकर ने आगे कहा कि जबतक दूसरे देश (चीन) की मांग वाजिब न हो तब तक मौजूदा मोदी सरकार किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाएगी। विदेश मंत्री ने बताया कि चीनी सीमा पर भारतीय जवानों की भारी तैनाती है।

उन्होंने आगे कहा कि चीन मुद्दे को लेकर यह मैं कहना चाहूंगा कि कोई भी लोग इस बात का भरोसा न करें कि चीन के साथ भारत सरकार का रवैया रक्षात्मक है। विदेश मंत्री जयशंकर ने आगे कहा कि जो लोग मौजूदा सरकार के मंशा पर सवाल उठा रहे हैं, उनसे मैं पूछना चाहता हूं कि किसने चीन के सीमा पर भारतीय जवान भेजे। राहुल गांधी ने सीमा पर जवान नहीं भेजे बल्कि मोदी सरकार ने भेजे। इस समय भारतीय इतिहास में सबसे ज्यादा जवानों की तैनाती चीन की सीमा पर है। मौजूदा सरकार ने चीन से सटे सीमा पर बुनियादी ढांचे के खर्च को पांच गुना बढ़ा दिया है।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों पहले राहुल गांधी ने कहा था कि एस जयशंकर को विदेश नीति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और उन्हें थोड़ा और सीखने की जरूरत है। इस बात पर विदेश मंत्री ने राहुल गंधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं वायनाड के एमपी से चीन से जुड़ी जानकारियों को सुनने के लिए तैयार हूं, अगर उन्हें चीन के बारे में शानदार ज्ञान हो।

जयशंकर ने आगे कहा कि मैं अपने बचाव में केवल इतना कह सकता हूं कि मैं चीन में सबसे लंबे समय तक राजदूत रहा हूं। मैंने कई सीमा विवाद से जुड़ी कई मामलों को देख चुका हूं। जयशंकर ने आगे कहा कि मैं यह नहीं कहता चीन को लेकर मुझे ही सबसे ज्यादा ज्ञान है। अगर मुझसे भी ज्यादा कोई चीन के बारे में जानता है, तो मैं उन्हें सुनने के लिए तैयार हूं।

## नागा शांति वार्ता होगी सफल: अमित शाह

**कोहिमा (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नागा शांति वार्ता जारी रखी है और यह सफल होगी। नगालैंड के तुएनसांग सदर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने नागालैंड में शांति और विकास दोनों को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने सभा को बताया, नागा शांति वार्ता चल रही है। पीएम मोदी ने जो शुरू किया है वह सफल होगा और आने वाले दिनों में नागा संस्ति, भाषा, पहनावा, परंपरा और इतिहास को संरक्षित और विकसित किया जाएगा। गृह मंत्री ने ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स अर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) द्वारा मतदान बहिष्कार (27 फरवरी) को वापस लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ईएनपीओ के सभी मुद्दों पर चर्चा की गई है और विधानसभा चुनाव के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। शाह ने कहा, विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कारण, समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किया जा सका। 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय नागा लोगों के अधिकारों और विकास को सुनिश्चित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। प्रभावशाली नागा निकाय ईएनपीओ ने 4 फरवरी को गृह मंत्री से आश्वासन मिलने के बाद अलग फ्रंटियर नागालैंड राज्य की अपनी मांग के समर्थन में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने के अपने आह्वान को वापस ले लिया।गृह मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बल (विशेष शक्ति) अधिनियम (एएफएसपीए) को नागालैंड के सात जिलों के 15 पुलिस थाना क्षेत्रों से वापस ले लिया गया है।

## महेंद्र भट्ट ने जाना जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती गांववासी का हाल

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जौलीग्रांट अस्पताल पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह रावत गांववासी का हाल जाना। महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोहन सिंह रावत गांववासी पार्टी के वरिष्ठ नेता व मार्गदर्शक हैं। उन्होंने गांववासी का इलाज कर रहे डक्टरों के साथ ही परिजनों से भी बातचीत की। महेंद्र भट्ट ने बताया कि परिजनों ने उनके इलाज पर संतोष व्यक्त किया है। भट्ट ने बताया कि इलाज में सरकार और अस्पताल प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग दिया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान भी मौजूद रहे। उन्होंने भी गांववासी का हालचाल जाना।

## कांस्टेबल फैजान और राजेश को प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक

**देहरादून।** ड्यूटी के दौरान अदम्य साहस दिखाने और अपनी जान पर खेलकर छह जिंदगियाँ बचाने के लिए कांस्टेबल फैजान अली और कांस्टेबल राजेश कुंवर को प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पुलिस पदक से नवाजा गया। मंगलवार को दून पहुंचने पर डीजीपी अशोक कुमार ने दोनों को सम्मानित कर बधाई दी। दोनों को 17 फरवरी को भोपाल में आयोजित आल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में ये पुरस्कार मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिए थे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार जुलाई 2019 की रात रायपुर थाना क्षेत्र के दशमेश विहार कालोनी में विक्रांत के घर पर कार में आग लगने की सूचना मिली थी। जिस पर चीता मोबाईल ड्यूटी में नियुक्त कांस्टेबल फैजान अली और कांस्टेबल राजेश कुंवर तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जान की बाजी लगाकर घर के अंदर फंसे विक्रांत कुमार व उनकी पत्नी, उनके दो बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता सहित छह लोगों को बचाया था।

## पीसीएस मुख्य परीक्षा के अभ्यर्थियों को नि:शुल्क बस सेवा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 23 फरवरी से 26 फरवरी 2023 को आयोजित की जाने वाली सम्मिलित राज्य सिविलध्प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में किराये में शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। सचिव परिवहन निगम श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी ने जानकारी दी कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रदेश के अन्दर और बाहर (परीक्षार्थी के गृह के स्थान से परीक्षा स्थान तक) उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में आवागमन हेतु निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## इस बार और तेवर दिखाएगी गर्मी! मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल गर्मी ने फरवरी महीने में ही सभी रिकर्ड तोडने शुरू कर दिए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से भी आने वाले दिनों के लिए चेतावनी जारी की गई हैं। मौसम विभाग का कहना है कि इस मबार गर्मी सामान्य से ऊपर रहने वाली हैं। इतना ही नहीं फरवरी के ही आने वाले दिनों में गर्मी अपने पूरे तेवर दिखा सकती हैं।

हालांकि कल से, इस बात की थोड़ी संभावना है कि उत्तर पश्चिम भारत में तापमान में 1-2 डिग्री कम हो सकता हैं।

राजधानी दिल्ली में तापमान के बढने ने 55 साल में 3 बार रिकर्ड कायम किया है।

### संकट में महागठबंधन?

## होली बाद तेजस्वी बन सकते हैं सीएम, ललन बोले- 2025 में होगा विचार

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** बिहार में महागठबंधन के नेताओं के बयानों से राजनीतघ्कि सरगर्मी तेज हो गई है। ऐसे में यह देखना होगा कि इस बयानबाजी से प्रदेश की राजनीति किस ओर करवट लेगी।

दरअसल, राजद विधायक राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने मंगलवार को स्थानीय समाहरणालय में पत्रकारों से बातचीत की और सीएम पद को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि मार्च में होली के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव बिहार की कमान संभाल सकते हैं और नीतीश कुमार देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए समाजवादियों और महागठबंधन का नेतृत्व करें।

विधायक ने आगे कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि 2025 तो दूर अभी होली के बाद ही बिहार



का नेतृत्व नीतीश कुमार उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सौंपकर प्रधानमंत्री बनने के लिए कार्य शुरू कर देंगे, जिसमें राजद उनके साथ है। विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नीतीश कुमार अपना वादा अवश्य निभाएंगे। वे लोग चाहते हैं कि 2025 तो अभी दूर है, अगले महीने ही तेजस्वी बिहार के मुख्यमंत्री बने और सीएम नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर उन्हें कोई शक नहीं है, माले भी साथ है और नीतीश कुमार पर भी पूरा भरोसा है। सीएम नीतीश कुमार ने वादा किया है कि वे आने वाले समय में तेजस्वी को बिहार का प्रभार सौंप देंगे।

ज्ञातव्य हो कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा है कि 2025 में तेजस्वी यादव के सीएम बनने पर अभी चर्चा करना उचित नहीं है। वहीं, दूसरी ओर राजद विधायक अगले ही माह उन्हें सीएम बनाने की बात कह रहे हैं।

## ठाकरे-शिंदे विवाद : आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना के नाम और सिंबल की लड़ाई के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एंट्री कर दी है। सुप्रीम कोर्ट अब इस मुद्दे पर सुनवाई करेगा। चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ उद्धव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट कल दोपहर 330 बजे सुनवाई करेगा।बता दें, चुनाव आयोग ने शिवसेना का नाम और पार्टी का सिंबल शिंदे गुट को देने का फैसला किया था, जिसके बाद उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटकाया था। उद्धव सोमवार को संविधान पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई चाहते थे। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए सुनवाई नहीं की थी कि अर्जेंट सुनवाई के लिए एक प्रक्रिया है, जिसका पालन किया जाना जरूरी है।वहीं सुनवाई के लिए उद्धव गुट की तरफ से दलील दे रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले ही उद्धव गुट के कार्यालय पर कब्जा किया जा चुका है।

## नरकोटा-जवाड़ी बाईपास पर 32 किमी लंबी मुख्य सुरंग हुई आर-पार

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में 125 किमी लंबी ब्रड गेज ।षिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना एक कदम और आगे बढ़ गई है। रुद्रप्रयाग में नरकोटा-जवाड़ी बाईपास पर 32 किमी लंबी मुख्य सुरंग को आर-पार कर दिया गया है।

इस उपलब्धि पर कार्यदायी कंपनी और आरवीएनएल के अधिकारी-कर्मचारियों व मजदूरों ने खुशी जताते हुए मिठाई बांटी। अब, जवाड़ी बाईपास से सुमेरपुर तक 62 किमी लंबी मुख्य सुरंग का निर्माण कार्य जोरों पर किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था ने इस सुरंग को अगले एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन परियोजना के तहत जनपद रुद्रप्रयाग में खांकरा से नरकोटा, नरकोटा से जवाड़ी



और जवाड़ी से सुमेरपुर तक सुरंग का निमार्ण किया जा रहा है। मंगलवार को कार्यदायी मेगा कंपनी ने परियोजना के पैकेज-7 में शामिल नरकोटा से जवाड़ी बाईपास तक 32 किमी लंबी मुख्य सुरंग संख्या 13 का ब्रेक थ्रू (आर-पार) करने में सफलता प्राप्त की।

परियोजना से जुड़े कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस पर खुशी जताई। मेगा कंपनी के महाप्रबंधक एचएन सिंह ने बताया कि इस सुरंग के निर्माण में 500 से अधिक कर्मचारी लगे हुए थे। बताया कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय, रेल विकास निगम और विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशों के हिसाब से परियोजना की सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है।इस मौके पर परियोजना निदेशक सुरेंद्र आर्य, गोपाल शर्मा, शिव शंकर सिंह, मुस्तफा एकम, रेलवे विकास निगम के उमेश दानी, अमरेंद्र सिन्हा आदि मौजूद थे।

## चारधाम यात्रा के लिए चार तरह से कर सकते है पंजीकरण

### ◆यात्रा से पूर्व ही जीएमवीएन को मिली 4 करोड़ की बुकिंग
### ◆ बद्रीनाथ—केदारनाथ के लिए 9000 यात्रियों ने करवाया पंजीकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा के लिए सभी विभागों को समय से अपना होमवर्क तैयार करने के निर्देश देने के साथ—साथ क्लाइमेटेशन और कैरिंग कैपेसिटी का विशेष ध्यान रखा जाएगा। लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे और बीआरओ को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि चारधाम रूट की सभी सड़कों को समय से दुरुस्त कर लें। उन्होंने बताया कि इस बार चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए 4 तरह से पंजीकरण की व्यवस्था की गई है।



चारधाम यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व काबीना मंत्री सतपाल महाराज।

सतपाल महाराज ने बताया कि इस बार चारधाम यात्रा की शुरुआत 22 अप्रैल से होगी। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को तो बदरीनाथ के 27 अप्रैल को खुलेंगे जबकि परंपरा के अनुसार 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक के बाद जारी अपने एक बयान में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। पर्यटन विभाग का पोर्टल सुबह सात बजे खुला रहेगा। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु पर्यटन विभाग की वेबसाइट या व्हाट्सअप नंबर 8394833833 या टोल फ्री नंबर 1364 के जरिये भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए 4 तरह से पंजीकरण की व्यवस्था की गई है जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण, ऐप के माध्यम से पंजीकरण, ऑन कॉल पंजीकरण और व्हाट्सएप के माध्यम से पंजीकरण करवाया जा सकता है। महाराज ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस बार भी चारधाम यात्रा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जीएमवीएन के गेस्ट हॉउसों के पिछले 4 दिनों में ढाई करोड़ की बुकिंग की बुकिंग की जा चुकी है। मंगलवार (आज) से प्रारंभ हुए पंजीकरण के तहत अब तक बद्रीनाथ एवं केदारनाथ के लिए 9 हजार यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

धामों में कतार प्रबंधन हेतु स्लॉट टोकन व्यवस्था की शुरुआत की गई है। यात्रियों के पंजीकरण तथा यात्रा संबंधित जानकारी हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना के निर्देश दिए गए हैं। सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा से पूर्व यात्रा मार्ग की सभी सड़कों के सुधारीकरण, पैच वर्क और गड्ढा मुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग, एनएच और बीआरओ को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सड़कों की निगरानी के लिए लोक निर्माण विभाग को ऐप बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन स्थानों पर अधिकांश मार्ग अवरुद्ध होते हैं ऐसे स्थानों का चिन्हीकरण कर जेसीबी आदि की तैनाती की व्यवस्था की जाएगी। मार्ग अवरुद्ध होने पर मार्ग खोलने की मशीनें तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

जेसीबी, पोकलैंड मशीन, रिकवरी वैन बुलडोजर की व्यवस्था के साथ—साथ सुपरवाइजर और चालकों के मोबाइल नंबर की उपलब्धता के भी निर्देश दिए गए हैं। यात्रा मार्गों में क्रैश बैरियर तथा साइनेज लगाए जाने की भी व्यवस्था की जा रही

## अग्निपथ भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव, आईटीआई पास आउट भी कर सकेंगे आवेदन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की एनडीए सरकार ने सेनाओं में जवानों की भर्ती के लिए नई योजना बनाई थी जिसमें युवा खुलकर सेना में भर्ती होने के लिए दिन-रात एक कर अपना दमखम दिखा रहे है। केंद्र ने अग्निपथ योजना का ऐलान किया था। सरकार ने अब योजना को लेकर एक बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत आईटीआई- पलिटेक्निक पास आउट आवेदन भी कर सकेंगे।

सेना ने अग्निपथ भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को बढ़ा दिया है।

प्री स्किल्ड युवा भी अग्निपथ भर्ती में हिस्सा ले सकेंगे। आईटीआई- पलिटेक्निक पास आउट टेक्निकल ब्रांच में आवेदन कर सकेंगे। इस बड़े बदलाव के बाद अब और अधिक युवा उम्मीदवारों को नौकरी मिलने का अवसर बढ़ गया है।

बता दें कि बीती 16 फरवरी से अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के रजिस्ट्रेशन शुरू हुए हैं। अग्निपथ भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर अनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## वॉर मेमोरियल में सेना के जवानों को लगा करंट, 1 की मौत, 3 घायल

**उत्तरकाशी** । उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शहीद पार्क ज्ञानसू में वर मेमोरियल में होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हर्षिल आमी में तैनात 11 वीं वटालियन जेकलाई के चार जवान अचानक कंरट की चपेट में आ गए। करंट के चपेट में आने से एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद सेना के जवानों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर से आर्मी की हर्षिल में तैनात 11वीं वटालियन जम्बू एंड काश्मीर लाइट इनदें ट्री (जेकलाई) की एक टीम बुधवार को शहीद पार्क ज्ञानसू में वर मेमोरियल में श्रद्धांजलि की तैयारी कर रही थी। सांय के समय सभी जवान टैंट को गाड रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज हवा के साथ आंधी तूफान आया और टेंट ऊपर की ओर उठ गया। इससे टेंट का पाईप हाईटेंशन से टकरा गया। जिसको पकड़े जवान करंट की चपेट में आा गए। इस घटना में राइफल मैन करन अजाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चुकेरा, तहसील महानपुर, जिला कथुवा जंभू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसी वटालियन के ही पवन कुमार पुत्र सजे सिंह, विशाल शर्मा पुत्र स्वग़ाजकुमार, तथा गणेश राज कुमार घायल हो गए। मौके पर मौजूद सेना के अन्य साथी सभी घायलों को अस्पताल ले आऐं। जहां चिकित्सकों ने उन्हें उपचार के लिए भर्ती कर दिया। जिला अस्पताल के आपात्कालीन कक्ष में घायलों का उपचार करती चिकित्सक डा. निकिता ने बताया प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल खतरे से बाहर हैं। निगरानी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी ओर थाना कोतवाली के निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि मृतक का पंचनामा भर पीएम की कार्यवाही की जा रही है।

### गंगोत्री विधायक ने जवानों को बंधाया ढांढस

मंगलवार को शहीद पार्क ज्ञानसू में करंट की चपेट में आये सेना के जवानों की सूचना मिलने के बाद गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान जिला अस्पताल पहुंचे और सभी जवानों को ढांस बंधाया। वहीं जिला व अस्पताल प्रशासन को पीएम की कार्यवाही व एंबुलेंस मुहैया कराने के साथ ही हर संभव मदद करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व सैनिक कल्याण समिति के मेजर आरएस जमनाल, देशराज बिष्ट, विक्रम सिंह रावत, विजयपाल मखलोगा, कन्हैया रमोला, पालिकाध्यक्ष रमेश सेमवाल, देवराज आदि मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा हेतु तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य



देहरादून। चारधाम यात्रा पर आने वाले देश–विदेश के तीर्थयात्रियों को अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बिना रजिस्ट्रेशन के किसी को भी यात्रा की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने सभी प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजे हैं। मंगलवार को सचिवालय में मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव डा.एसएस संधु ने चारधाम यात्रा की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछली बार दो साल बाद चारधाम यात्रा शुरू हुई थी और बहुत बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचे थे। इस बार अनुमान है कि पिछली बार से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचेंगे और व्यवस्थाएं भी अतिरिक्त करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार कई नई व्यवस्था की गई है। अभी बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के लिए रजिस्ट्रेशन खोल दिया है, जो भी तीर्थयात्री आएंगे, उन्हें अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करना होगें। सभी प्रदेशों के मुख्य सचिवों को इस बाबत पत्र भेज दिए हैं। उनसे अपने–अपने प्रदेशों में भी प्रचार–प्रसार करने का आग्रह किया है, ताकि यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

डा. संधु ने बताया कि पर्यटन विभाग भी हर प्रदेश में वहां की भाषा में अखबारों के जरिए विज्ञापन देगा ताकि वहां के लोगों भी पता चल सके, कि इस बार यात्रा के लिए क्या–क्या नियम बनाए गए हैं। इसका मकसद यह है भी है कि एक दिन में बहुत ज्यादा लोग न आएं, सभी दिनों में बंट कर आएं। ताकि ज्यादा भीड़ एकत्र न हो भगदड़ जैसी स्थिति पैदा न हो। रजिस्ट्रेशन के मुताबिक जितना नंबर है, उसी पर लोगों के आने से दर्शन भी अच्छे होंगे और सभी की सुरक्षा भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए भी रजिस्ट्रेशन की तिथि कुछ दिनों बाद घोषित की जाएगी।

**होटल कारोबारी नफे–नुकसान की नहीं सोचें**

अनिवार्य रजिस्ट्रेशन करने पर चारधाम रूट के होटल कारोबारियों के विरोध के सवाल पर डा. संधु ने कहा कि जो भी बाहर से यात्रा पर आ रहे हैं सरकार के लिए उनकी सुरक्षा करना भी सबसे महत्वपूर्ण है। ताकि वे स्वस्थ रहे और कोई धक्का–मुक्की न हो। उन्होंने कहा कि जब भी कोई नया निर्णय होता है तो किसी को थोड़ा फायदा व किसी को नुकसान भी होता, लेकिन जब किसी की जान बचाने की बात आती है तो सारे फायदे नजरंदाज करने चाहिए। कारोबारियों को इस बारे में भी सोचना होगा।

## यात्रा मार्ग के निकायों में अतिरिक्त सफाई कर्मी

देहरादून। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल कहा है कि सरकार यात्रामार्ग के सभी निकायों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की नियुक्ति करते हुए, साफ सफाई सुनिश्चित करेगी। सचिवालय में मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान अग्रवाल ने कहा कि यात्रा मार्ग पर कुल 27 शहरी निकाय पड़ते हैं, यहां साफ सफाई से लेकर शौचालय और स्ट्रीट लाइट तक की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि निकाय मार्ग पर सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आर्थिकी के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए वित्त विभाग ने भी यात्रा संचालन के लिए बजट की कमी आड़े नहीं आने देगा।

# दिसंबर अंत तक प्रदेश के सभी ब्लॉक में 5जी सेवा मिलेगी




देहरादून। प्रदेश के सभी ब्लॉक में इस साल के अंत तक 5 जी इंटरनेट सेवा मिलने की उम्मीद है। सरकार इसके लिए पहले ही राइट टू वे पॉलिसी में बदलाव कर चुकी है। साथ ही 5 जी सेवाओं का लाभ लेने के लिए विभागों के स्तर पर भी तैयारी की जा रही है। आईटीडीए की ओर से मंगलवार को 5 जी सेवाओं के उपयोग को लेकर आईआरडीटी सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार, केंद्र सरकार के विभागों के साथ ही सभी सर्विस प्रोवाइडर और आईटी स्टॉर्टअप के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मौके पर सचिव आईटी शैलेश बगौली ने कहा कि उत्तराखंड में 5 जी के लिए आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पहले ही केंद्र सरकार के दिशा निर्देश के मुताबिक राइट टू वे पॉलिसी में जरूरी बदलाव कर चुकी है। सभी डीएम को मोबाइल टॉवर की अनुमति प्राथमिकता पर प्रदान करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि 5 जी पर काम कर रही कंपनियों ने इस साल के अंत तक प्रदेश के सभी ब्लॉक में यह सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में करीब 1250 गांव में अब भी 4 जी नेटवर्क नहीं है, यहां भी बीएसएनएल के सहयोग से टॉवर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार ने बजट भी जारी कर दिया है। निदेशक आईटीडीए नीतिका खंडेलवाल कहा कि राजकाज में 5 जी सेवा का उपयोग बढ़ाने के लिए आईटीडीए विभिन्न वर्किंग ग्रुप बनाएगा।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर रेल कर्मचारियों का प्रदर्शन




देहरादून। नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन देहरादून शाखा से जुड़े रेल कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर रेलवे स्टेशन पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्टेशन परिसर पर जुलूस भी निकाला। सरकार से शीघ्र मांग पूरी करने की मांग की है। एनआरएमयू शाखा कार्यालय में एकत्र हुए। यहां से रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट तक जुलूस निकाला। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि रेल कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। दस फरवरी से हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इसमें दो हजार से ज्यादा कर्मचारी और उनके परिवारजनों हस्ताक्षर किए हैं। जो ईमेल के जरिए राष्ट्रपति को भेजे गए हैं। शाखा अध्यक्ष रमेश कुमार और सचिव उग्रसेन सिंह ने कहा कि जब तक रेल कर्मचारियों की एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर सह सचिव नरेश गुरुंग, युवा समन्वयक वीरेंद्र नेगी, राकेश नौटियाल, नरेश कुमार, आरएस राठी, बीएस राजपूत, कुलदीप रतूड़ी, रविंद्र कुमार, नितिन शर्मा, मनीष पाठक, धनी राम, राजीव नौटियाल, विजय कुमार, प्रमोद कुमार, तारा चंद, राजू, सुरेश रावत, सतेंद्र, पूरन सिंह, विक्रांत, सुनील, अश्वनी, योगेश, आकाश आदि मौजूद रहे।

# भाकपा (माले) में उत्तराखंड को मिला प्रतिनिधित्व

देहरादून। भाकपा (माले) का 11वां महाधिवेशन पटना में संपन्न हुआ। जिसमें आगामी पांच साल के लिए पार्टी की कार्यनीति और दिशा तय की गई। इस दौरान चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें उत्तराखंड से कई पार्टी कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया। दीपंकर भट्टाचार्य पुनः पार्टी के महासचिव चुने गए। पांच सदसीय केंद्रीय कंट्रोल कमीशन का चुनाव हुआ, जिसमें उत्तराखंड में पार्टी के राज्य सचिव राजा बहुगुणा अध्यक्ष चुने गए। 76 सदसीय केंद्रीय कमेटी के लिए पूरे देश से आए करीब 1700 प्रतिनिधियों ने मतदान किया। इसमें उत्तराखंड से कैलाश पांडेय और इन्द्रेश मैखुरी को चुना गया। महाधिवेशन में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति, संगठन, पार्टी कार्यक्रम एवं संविधान आदि पर प्रस्ताव पेश हुए और चर्चा के बाद पारित हुए। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रस्ताव में जोशीमठ के हालात पर विशेष उल्लेख के साथ चर्चा की गई। जिसमें जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने जोशीमठ भू–धंसाव के मामले को लेकर अपनी बात रखी। नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल रहे। भाकपा, माकपा, आरएसपी, फॉ-रवर्ड ब्लॉक आदि वामपंथी पार्टियों के प्रतिनिधियों ने महाधिवेशन को संबोधित किया। पार्टी ने तय किया कि अलग से जेंडर जस्टिस सेल का गठन किया जायेगा। इसमें प्रमुख सामाजिक और विधिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा।

# स्पोर्टस टीम में एम्स ऋषिकेश की टीम रही सर्वश्रेष्ठ



ऋषिकेश। स्वामीराम हिमालनय विश्वविद्यालय में इंडियन सोसायटी ऑफ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट स्पोर्ट्स मीट हुई। इसमें मेडिकल कॉलेजों की एनेस्थिसिया विभाग की टीमों ने शिरकत की। स्पोर्ट्स मीट में एम्स ऋषिकेश की टीम सवश्रेष्ठ रही। मंगलवार को जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू में स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ प्रति कुलपति डॉ. विजेंद्र चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि खेल लोगों को एक साथ लाते हैं, सामाजिक एकता और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देते हैं। आईएसए उत्तराखंड की अध्यक्ष डॉ. पारुल जिंदल ने कहा कि आधुनिक जीवन का दबाव और तनाव हमारे युवा चिकित्सकों पर भारी पड़ सकता है। खेल उन्हें इन चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकते हैं। एसआरएचयू के एनेस्थिसिया विभागाध्यक्ष डॉ. वीना अस्थाना ने शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। स्पोर्ट्स मीट में एम्स ऋषिकेश की टीम सवश्रेष्ठ रही। मौके पर डॉ. विजय त्यागी, डॉ. एसपी गौतम, डॉ.अशोक देवराड़ी, डॉ. दुपिंदर, डॉ. गुरजीत खुराना, डॉ. रुबिना मक्कड़, डॉ. दिव्या, डॉ मृदुल धर, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. मंदार, डॉ. दुपिंदर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सुरेश कुमार बने एफआरआई तकनीकी स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष

देहरादून। एफआरआई और आईसीएफआरई तकनीकी स्टाफ एसोसिएशन के कार्यकारिणी चुनाव मंगलवार को एफआरआई में हुए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार व उपाध्यक्ष पद के लिए मुकेश भटट चुने गए। वहीं सचिव पद के लिए अमित कुमार सिंह ने भारी मतों से जीत हासिल की। संयुक्त सचिव के लिए राहुल चौहान विजेता घोषित किये गये। कोषाध्यक्ष में गोपाल सिंह बिष्ट को चुना गया। कैटेगिरी 3 (सामान्य) के प्रतिनिधि पद पर जयपाल सिंह रावत निवार्चित घोषित किए गए। कैटेगिरी 3 (आईसोलेटेड) में पीसी पांडे को प्रतिनिधि के रूप में निविरोध चुना गया। कैटेगिरी 1 (सामान्य) पद में प्रशांत पंत ने जीत दर्ज की व कैटेगिरी 1 (आईसोलेटेड) में रजत कुमार को प्रतिनिधि के रूप में निविरोध चुना गया। कैटेगिरी 2 (सामान्य) में विष्णु प्रसाद आचार्य, कैटेगिरी 2 (आईसोलेटेड) में विश्वनाथ को निर्विरोध चुना गया। तकनीकी स्टाफ एसोसिएसन का यह चुनाव डा. अरविंद कुमार की देखरेख में कराया गया।

### सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता के लिए पूर्व सीएम को सौंपा ज्ञापन

देहरादून। भर्ती घपलों के खिलाफ बेरोजगार युवाओं की मांगों पर समर्थन जुटाने के लिए अधिवक्ता पंकज क्षेत्री के नेतृत्व में युवाओं का प्रतिनिधिमंडल पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी से मिला।

युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच कराने और सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने के लिए पूर्व सीएम को ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ता पंकज क्षेत्री ने बताया कि नकल विरोधी अध्यादेश भी युवाओं की मुहिम का नतीजा है, लेकिन अभी उसमें कई खामियां हैं, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में अनिल नेगी, सचिन खन्ना, हिमांशी चौहन, प्रवीण शाह, आशीष शाह, शिवम थपलियाल आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर पंकज क्षेत्री ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को शहीद स्मारक पर वह दो दिवसीय सत्याग्रह उपवास करेंगे।

# जोशीमठ प्रभावितों के लिए रोजगार– शिक्षा की व्यवस्था करें सरकार

चमोली। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर आपदा प्रभावित विचार मंच जोशीमठ ने बैठक कर सरकार से अनुसुचित और अनुसूचित जनजाति के प्रभावित परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर सुध लेते हुए उनका सुरक्षित स्थानों पर विस्थापन करने और एनटीपीसी में रोजगार देने की मांग की। मंच ने बैठक कर कहा कि जोशीमठ नगर वर्तमान में भारी भू धंसाव का दंश झेल रहा है। नगर का एक बड़ा भाग इससे प्रभावित हुआ है और मकानों, खेत, रास्तों, सड़क सभी जगह अभी भी लगातार दरारें आ रही हैं, जिस कारण नगरवासी डरे हुए हैं। मंच के लोगों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि इस आपदा के लिए कहीं न कहीं एनटीपीसी जिम्मेदार है इस लिए एनटीपीसी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के प्रभावित परिवारों में एक को रोजगार और उनके बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करे। साथ ही मांग की है कि यदि नगर में आपदा प्रभावित लोगों को अन्यत्र विस्थापित किया जाता है तो उन्हें सुरक्षित स्थानों पर विस्थापन के साथ ही मुआवजा देने में प्राथमिकता दी जाय, साथ ही उनके भवनों का पुनः सर्वे व मूल्यांकन किया जाय। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि अनु.जाति व अनु. जनजाति के ऐसे सभी लोग जिन्हें शासन द्वारा 50 हजार या एक लाख की राशि नियमानुसार जारी होनी है लेकिन वह रुकी हुई है को तत्काल जारी की जाय।

## परेशानी का सबब बना क्षतिग्रस्त मार्ग

ऋषिकेश। मनीराम मार्ग की बदहाल सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। यहां आए दिन स्थानीय निवासी और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। इससे क्षेत्रवाासियों में आक्रोश का माहौल है। मनीराम मार्ग के निवासियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया।

उन्होंने कहा कि मनीराम मार्ग गली नंबर 9 में लंबे समय से सड़क क्षतिग्रस्त पड़ी है। इसकी कई बार क्षेत्रवासियों ने लिखित और मौखिक शिकायत की। एक माह पूर्व नवनिर्माण हेतु सड़क तोड़ी गई। लेकिन उसके बाद से यहां सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। ऐसे में आए दिन क्षेत्र के बुजुर्ग, बच्चे और दूसरे राहगीर चोटिल हो रहे हैं।

# सिपेट संस्थान में हुआ स्किल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन



ऋषिकेश। सिपेट संस्थान में उत्तराखंड कौशल विकास निगम ने स्किल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया। सीएनसी लेथ में सिपेट के अमन गोलियान और सीएनसी मिलिंग में ग्राफिक एरा के रोबिन डेविस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को डोईवाला स्थित सिपेट संस्थान में उत्तराखंड कौशल विकास निगम द्वारा विश्व स्किल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। सिपेट के संयुक्त निदेशक अभिषेक राजवंश ने बताया कि उत्तराखंड कौशल विकास निगम विश्व स्किल प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्य स्तर पर युवाओं की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें सम्मानित और इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए तैयार करती है और चुने हुए प्रतियोगी विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। प्रतियोगिता में सिपेट और ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सीएनसी लेथ में सिपेट के अमन गोलियान ने प्रथम स्थान, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के युवराज देओपा को दूसरा और सिपेट के अमनप्रीत एवं अनिरूद्ध ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीएनसी मिलिंग में ग्राफिक एरा के रोबिन डेविस ने प्रथम, सिपेट के आर्यन कुमार ने द्वितीय और देव पुंडीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर विश्व स्किल प्रतियोगिता के राष्ट्रीय प्रभारी इंदिरा ठाकुर, उत्तराखंड कौशल विकास निगम के प्रबंधक राजेंद्र वल्दिया, योगेश जोशी, विजय बिष्ट, प्रभात मिहिर, पार्थ सारथी दास, पंकज फुलारा, बृजेश चौहान, शेर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आम इंसान विकास पार्टी ने किया राजस्थान और हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



विकासनगर। आम इंसान विकास पार्टी ने मंगलवार को जमनपुर चौक पर हरियाणा और राजस्थान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दो युवाओं को जिंदा जलाने के आरोपियों को दोनों ही प्रदेशों की सरकार बचाने की कोशिश कर रही है। सेलाकुई के जमनपुर चौक पर एकत्र हुए प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकिल अहमद ने कहा कि हरियाणा के भिवंडी में कुछ कट्टरपंथियों ने दो युवाओं को जिंदा जला दिया। युवकों पर गौ हत्या का संदेह जताया गया। सिर्फ संदेह के आधार पर ही दोनों युवकों की विभत्स तरीके से हत्या कर दी गई। कहा कि दोनों युवक राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले थे, जिनका पहले अपहरण किया गया, उसके बाद हत्या की गई। कहा कि राजस्थान सरकार ने समय रहते कार्रवाई नहीं की जिसके चलते युवकों अपनी जान गंवानी पड़ी। कहा कि अभी भी हरियाणा और राजस्थान सरकार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। दोनों ही प्रदेशों की सरकारें इस भयावह हत्याकांड को मामूली घटना के तौर पर ले रहे हैं।

## बूढ़ाकेदार भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

नई टिहरी। भिलंगना के बूढ़ाकेदार भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडलध्यक्ष चंद्रेशनाथ की अध्यक्षता में बूढ़ाकेदार में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता के तौर पर मंडल प्रभारी जयेंद्र सेमवाल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिये सभी मिलकर कार्य करना होगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह का मंडलध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, विधायक ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने को कहा।

# चयनित एआईसीसी सदस्यों को बधाइयां दी

नई टिहरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्यों की सूची जारी होने के बाद जनपद टिहरी गढ़वाल से निर्वाचित हुए सदस्यों में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी और पूर्व काबीना मंत्री शूरवीर सजवाण सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने बधाई दी है। एआईसीसी की सूची में टिहरी जिले से किसी भी ब्राहमण चेहरे को स्थान न मिलने पर मायूसी नजर आई। एआईसीसी की सूची में 30 वरिष्ठ नेताओं को चयनित किया है। जबकि 13 वरिष्ठ नेताओं को सहयोजित किया गया है। जनपद टिहरी के कांग्रेसियों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष शान्ति प्रसाद भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज राणा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दर्शनी रावत, प्रमुख प्रताप नगर प्रदीप रमोला, पूर्व प्रमुख सोबन सिंह नेगी, पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला, नगर पालिका अध्यक्ष सुमना रमोला, पालिका अध्यक्ष नई टिहरी सीमा कृषाली, आकाश कृषाली, पूर्व पालिका अध्यक्ष विक्रम सिंह पंवार, नरेंद्र चंद रमोला, पीसीसी डेलीगेट नरेन्द्र सिंह राणा, मुरारीलाल खंडवाल, मुशर्रफ अली, देवेंद्र नौडियाल, जिला उपाध्यक्ष मुर्तजा बेग, शहर अध्यक्ष नई टिहरी देवेंद्र नौडियाल आदि ने एआईसीसी की सूची में शामिल होने पर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी व पूर्व काबीना मंत्री शूरवीर सजवाण सहित हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल सहित सभी चयनित वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# थैंग मोटर मार्ग में घटिया डामरीकरण का आरोप

चमोली। ब्लॉक के दूरस्थ गांव थैंग तक निर्माणाधीन मोटर मार्ग पर ग्रामीणों ने घटिया डामरीकरण करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रधान महावीर पंवार के नेतृत्व में गांव के शिष्टमंडल ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि उनके गांव तक 10 किमी मारवाड थैंग मोटर मार्ग निर्माणाधीन है। लेकिन डेढ़ दशक का समय बीत जाने के बाद भी यह मोटर मार्ग पूरा नहीं बन पाया है। कहा कि मार्ग जितना बना है उसमें भी गुणवत्ता का पूरा अभाव है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि चार दिन पहले ही कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई ने इस मोटर मार्ग पर डामरीकरण किया, लेकिन यह डामर चार दिन भी नहीं चल पाया और अधिकांश जगह से उखड़ने लगा है। ग्राम प्रधान महावीर पंवार ने कहा कि सड़क कई स्थानों में काफी खतरनाक बनी हुई है और ऐसी खतरनाक जगहों पर संबंधित ठेकेदार द्वारा दीवार तक नहीं लगाई गई है,

## आदर्श प्राथमिक विद्यालय सेमा में शिक्षकों की तैनाती हो

चमोली। नंदा नगर के आदर्श प्राथमिक विद्यालय सेमा में शिक्षकों की तैनाती की मांग को लेकर लेकर प्रधान संगठन ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर विद्यालय में अध्यापकों की तैनाती करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा आदर्श प्राथमिक विद्यालय सेमा में पूर्व में 4 शिक्षक तैनात थे। लेकिन वर्तमान समय में यहां शिक्षकों का टोटा बना हुआ है। जिससे बच्चों का पठन–पाठन अवरुद्ध हो गया है।

# आप ने सहसपुर विधानसभा की कार्यकारिणी घोषित की



विकासनगर। आम आदमी पार्टी ने सहसपुर विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी गठित कर दी है। पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यकारिणी के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि नवगठित कार्यकारिणी में चुने गये पदाधिकारी पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचकार पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली की मौजूदगी में विधानसभा पार्टी के भुड्डी स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सय्याद अली ने कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। राजेश राणा को महामंत्री संगठन, संजय सोहल को 21 शंकरपुर जिला पंचायत का सेक्टर प्रभारी, रतनदीप सिंह को 22 खुशहालपुर जिला पंचायत का सेक्टर प्रभारी, कुलविंदर सिंह, प्रद्युम्न सिंह, संतोष तोमर, शेर सिंह राणा, नईम अहमद, अमित राठौड़, मो. शमशाद, सुधीर कुमार लांबा, सिकंदर बख्श, लीलावती को विधानसभा उपाध्यक्ष, अनवरी, नवीन राजपूत, खड़क सिंह, ऋषभ, इशाक मलिक, महफूज अली को विधानसभा सचिव की जिम्मेदारी दी गई।

# सावधान: बदल रहा मौसम, घर-घर हो रहा बीमार

## बदलते मौसम में अस्पताल में बढ़े सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीज, बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे चिकित्सक

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** सुबह-शाम चल रही ठंडी हवा व दोपहर के समय खिल रही तेज धूप आमजन को बीमार करने लगी है। हालत यह है कि राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द व पेट दर्द से ग्रसित हैं। चिकित्सक मरीजों व उनके तीमारदारों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार परिवर्तन होता जा रहा है। सुबह–शाम ठंडी हवाएं चल रही है। जबकि, दोपहर के समय तेज धूप गर्मी का एहसास करवा रही है। ऐसे में बदलते मौसम ने आमजन को बीमार करना शुरू कर दिया है। राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में हर रोज पांच सौ से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे रहे हैं, जिसमें अधिकांश बुखार, सर्दी, जुकाम, बदन दर्द, पेट दर्द से ग्रसित हैं। मरीजों को घंटों ओपीडी के बाहर खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। यही स्थिति शहर के निजी अस्पतालों में भी बनी हुई है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे बुखार और बैक्टीरिया आसानी से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। यदि परिवार में किसी व्यक्ति को वायरल बुखार है तो अन्य सदस्यों को भी इसके होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

### वायरल के लक्षण

- तेज बुखार आना
- पूरे शरीर में दर्द होना
- नाक से पानी आना
- गले में खरास

बॉक्स समाचार

यह हैं बचाव के तरीके

- गर्मी महसूस होने पर गर्म कपड़े पहनना न छोड़े
- पानी को उबालकर ठंडा करके पीएं
- बासी खाना न खाएं
- बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें




कोटद्वार का बेस चिकित्सालय जहां इन दिन वायरल मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है

### हाथों की सफाई का रखें ध्यान

सर्दी-जुकाम व बुखार जैसी बीमारियों से बचने का सबसे आसान तरीका है हाथों को साफ रखना। हमारे हाथ हमेशा ही गंदे रहते हैं क्योंकि ज्यादातर लोग अपने हाथों को सामने रखकर खांसते या छींकते हैं या फिर पूरे समय अपनी नाक को हाथों से ही पोंछते रहते हैं। लिहाजा हाथों को साबुन–पानी से अच्छी तरह से धोना बेहद जरूरी है।

# बेटियों को न्याय दिलवाना यात्रा का उद्देश्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी व किरन नेगी को न्याय दिलवाने के लिए मातृभूमि सेवा पार्टी की ओर से निकाली गई यात्रा मंगलवार को कोटद्वार पहुंची। पार्टी के सदस्यों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य बेटियों को न्याय दिलवाना है। इस दौरान किरन नेगी के पिता भी यात्रा में शामिल हुए।

दिल्ली स्थित चित्तई मंदिर से यात्रा की शुरूआत की गई थी। देहरादून होते हुए मंगलवार को यात्रा कोटद्वार पहुंची।

किरन के पिता ने बताया कि जिस तरह से उनकी बेटी को 11 सालों से न्याय नहीं मिल पाया है। इसी तरह के हालात अंकिता भंडारी के साथ न हो इस लिए वो इस न्याय यात्रा में शामिल हुए हैं। कहा कि वर्ष 2012 में उनकी बेटी किरन के साथ दिल्ली में दरिंदगी हुई थी। उसे मारकर नदी में फेंक दिया गया था। कई वर्षों बाद भी उनकी बेटी को न्याय नहीं मिल पाया। कहा कि बेटियों को न्याय दिलवाने के लिए दूवभूमि की जनता को एकजुट होना होगा।

# शास्त्रीय संगीत में कार्तिकेय रहा अव्वल



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोतर महाविधालय के संगीत विभाग के विभागीय परिषद के तत्वावधान में आईक्यूएसी के तहत निर्धारित कार्यक्रम की श्रृंखला के अन्तर्गत शास्त्रीय संगीत गायन, लोक संगीत गायन तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत विषय के अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। तथा साथ ही इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने अपने वक्तव्य में कहा कि शास्त्रीय संगीत मोक्ष प्राप्ति का एक साधन है तथा ऐसी प्रतियोगितायें समय समय पर आयोजित होनी आवश्यक है। इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रभा भारती द्वारा संचालन किया गया तथा साथ ही प्रतिभागियों को बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। शास्त्रीय संगीत गायन में प्रथम स्थान पर कार्तिकेय, द्वितीय स्थान पर दीपशिखा , तथा तृतीय स्थान पर मुकुल कुमार व आशीष नेगी तथा सांत्वना पुरुस्कार के रूप मे गरिमा विजेता रहे। लोक संगीत गायन प्रतियोगिता मे प्रथम दीपशिखा, द्वितीय सृष्टि, तृतीय भारत भूषण व अंकुश घिल्डियाल तथा सांत्वना पुरुस्कार के रूप मे अदिति तथा आशा विजेता रहे। पोस्टर प्रतियोगिता मे रितिका रावत प्रथम स्थान पर विजेता रही।निर्णायक मण्डल में विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रभा भारती, डॉ. जूनिश कुमार, श्री. पुष्कर चंद्र रहे तथा इस अवसर पर डॉ. सुनीता नेगी,डॉ. धनेन्द्र कुमार, श्रीमती अनीता रावत तथा संगीत विभाग के 40 छात्र छात्राये मौजूद रहे।

# पैरोल पर चल रहा युवक फिर स्मैक के साथ गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : एनडीपीएस के मामले में पैरोल पर बाहर आया एक युवक फिर से स्मैक के साथ पकड़ा गया है। पुलिस ने युवक को 4.73 स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि लकड़ीपड़ाव निवासी तौफीक को 4.73 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि तौफीक पूर्व में भी नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हो चुका था। वह पैरोल पर चल रहा था। पूछताछ में आरोपी तौफीक ने बताया कि उसने मुरादाबाद बस स्टैशन से स्मैक खरीदी थी। जिस व्यक्ति से उसने स्मैक खरीदी वह उसे नहीं जानता। वहीं, पुलिस ने सिम्मलचौड़ पुल के समीप से 14 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ सिम्मलचौड़ निवासी बंटी कुमार को गिरफ्तार किया है।



कोटद्वार पुलिस हिरासत में पकड़ा गया युवक

# निगम के बड़े अधिकारियों को बचा रही पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश रावत ने पुलिस पर नगर निगम के बड़े अधिकारियों को बचाने का आरोप लगाया है। कहा कि कुछ माह पूर्व नगर निगम के खाते से धनराशि निकालने का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें केवल छोटे कर्मचारियों को ही जेल भेजा गया है।

प्रवेश रावत ने बताया कि पूर्व नगर आयुक्त के हस्ताक्षर पर निगम के खाते से लाखों रुपये का भुगतान किया गया था। मामले में पुलिस ने केवल छोटे कर्मचारियों के खिलाफ ही कार्रवाई की है। जबकि, बड़े अधिकारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कहा कि इससे साफ पता चलता है कि पुलिस बड़े अधिकारियों को बचाने का कार्य कर रही है। पूर्व प्रदेश सचिव ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग उठाई।

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार की जड़ों को उखाड़ रही सरकार: द्विवेदी

## कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले प्रदेश प्रवक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का पेड़ लगाया था। भ्रष्टाचार के आदि हो चुके लोगों को धामी सरकार जेल भेजने का कार्य कर रही है। भर्ती घोटाले में लिप्त 68 से अधिक व्यक्तियों को सरकार ने जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए सरकार ने प्रदेश में सख्त नकलरोधी कानून लागू किया है। युवाओं के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

मंगलवार को हेमंत द्विवेदी ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में हुए घपलों की लंबी फेहरिस्त है। पटवारी, दरोगा व छात्रवृति सहित कई घोटाले कांग्रेस के कार्यकाल में सामने आए थे।

लेकिन, तत्कालीन कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने नैतिक साहस दिखाते हुए भर्ती घोटालों की जांच करवाई।

भर्ती घोटाले में अब तक 68 से अधिक व्यक्ति जेल जा चुके हैं। लगातार घोटालेबाजों की गिरफ्तारियां भी हो रही है। कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं का बेहतर भविष्य बनाना है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शांतनु रावत, हेमंत गौड़ आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी

# घरों को उजाड़ने से पहले परिवारों को बसाएं सरकार

## राष्ट्रीय राजमार्ग के विरोध में संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सनेह क्षेत्र में बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के विरोध में मंगलवार को एनएचएआई विरोध संघर्ष समिति ने तहसील में प्रदर्शन किया। समिति ने सरकार से भवनों को उजाड़ने से पहले परिवारों के पुनर्वास की मांग उठाई। कहा कि क्षेत्र में अधिकांश परवारों को सरकार की ओर से पट्टे आवंटित किए गए हैं।

ऐसे में इन प्रभावितों के लिए भी मुआवजे की योजना बननी चाहिए। समिति के सदस्यों ने तहसील परिसर में पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सनेह क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग बनवाया जा रहा है। 12 फरवरी को भारत के राजपत्र में एनएच–119 कोटद्वार बाईपास रोड के लिए भूमि अर्जन की घोषणा की गई। साथ ही 15 दिन के भीतर सभी प्रभावितों को मुआवजा देने की बात कही गई है। कहा कि सरकार को उन परिवारों के लिए भी उचित मुआवजे की व्यवस्था करनी चाहिए, जिन्हें वर्षों पूर्व पट्टे आवंटित किए गए थे। यह अधिकांश परिवार गरीब, श्रमिक, किसान व अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के हैं। ऐसे में यदि इन परिवारों को उचित मुआवजा नहीं मिलता तो इसके समक्ष जीवन यापन करना भी मुश्किल हो जाएगा। कहा कि कई ऐसे परिवार भी है जिन्होंने वषी पूर्व स्टांप पर भूमि खरीदी थी। लेकिन, किन्हीं कारणों से वे अपनी भूमि की रजिस्ट्री नहीं करवा पाए। कहा कि ऐसे परिवारों को भी मुआवजा दिया जाना चाहिए। कहा कि सरकार किस तरह मुआवजे का मूल्यांकन करेगी यह भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष आशीष रावत, सुनीता असवाल, अनिल रावत, हरीश नेगी, धीरज सिंह नेगी, सुशील बलूनी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते सनेहवासी

# गढ़वाली व कुमाऊनी को मिले राजभाषा का दर्जा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस पर उत्तराखंड की प्रमुख लोकभाषा गढ़वाली और कुमाऊनी को राजभाषा का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर लोकभाषा समर्थक संगठनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा।

मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस पर उत्तराखंड की प्रमुख लोकभाषा गढ़वाली और कुमाउनी को राजभाषा का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर लोकभाषा समर्थक संगठनों द्वारा डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान गढ़वाली और कुमाउनी को भाषा का दर्जा देने के लिए विधानसभा में संकल्प पारित कर केन्द्र स्तर पर गजट नोटिफाइड कराए जाने व इन्हें प्रदेश में संस्कृत की तरह राजभाषा का दर्जा दिये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में गढ़वाली, कुमाउनी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्राइमरी से विवि स्तर पर लोकभाषा में पाठ्यक्रम शामिल करने, लोकभाषा अकादमी का गठन करने, लोकभाषाओं को रोजगार से जोड़ने आदि मांगें उठाई गई। इस मौके पर लोकभाषा साहित्य समिति के संयोजक मनोज रावत अंजुल, धाद के संयोजक वीरेंद्र पंवार, उमेश डोभाल स्मृति ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बिमल नेगी, नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, गब्बर सिंह नेगी, गिरीश बड़थ्वाल, सभासद अनिता रावत, एसपी उनियाल, राजेंद्र बिष्ट आदि शामिल थे।

# कांग्रेसियों ने फूंका काबीना मंत्री का पुतला



पौड़ी में काबीना मंत्री गणेश जोशी का पुतला दहन करते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर की गई टिप्पणी के खिलाफ पौड़ी में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर पुराने डीएम कार्यालय के बाहर उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार में काबीना मंत्री गणेश जोशी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई। नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मंत्री गणेश जोशी से पार्टी पर की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी की।

मंगलवार को कांग्रेसियों ने कैबिनेट मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा लगातार कांग्रेस पार्टी और कार्यकर्ताओं पर अशोभनीय टिपण्णी की जा रही है। जिससे कांग्रेसियों में नाराजगी बनी हुई है। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार में काबीना मंत्री गणेश जोशी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई। इस मौके पर नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत, युद्धवीर सिंह, उपेंद्र, विजय दर्शन बिष्ट, मनमोहन आदि शामिल थे।

# शरारती तत्वों ने वन क्षेत्र में लगाई आग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** बीजीआर परिसर पौड़ी के अंदर मंगलवार को वन पंचायत और सिविल वन क्षेत्र में शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने से यहां अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर वन विभाग, फायर सर्विस की टीमें मौके पर पहुंची।

मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे बीजीआर परिसर पौड़ी के अंदर वन पंचायत और सिविल वन क्षेत्र में शरारती तत्वों ने आग लगा दी। पौड़ी कांडई वन पंचायत के सरपंच बकुल रावत ने बताया कि वन क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर फायर सर्विस और वन विभाग की टीमों द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया कि कैंपस तक पहुंचने से पहले ही आग को बुझा लिया गया। इस मौके पर कैंपस डायरेक्टर प्रभाकर बडोनी, छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, अनिरुद्ध, कार्यकारणी सदस्य लक्ष्मण नयाल, दमकल व सिविल सोयम की टीम मौजूद रही।



पौड़ी में वन क्षेत्र में लगी आग।

# स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

चमोली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी के माध्यम से गोपेश्वर के रामलीला मैदान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

डाक्टरों ने मरीजों के निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ निशुल्क दवाएं भी वितरित की। स्वास्थ्य शिविर में स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय के डॉ. सुशील यादव, टीएचडीसी की महिला चिकित्सक डॉ. ज्योति त्रिपाठी, दंत चिकित्सक डॉ. विकास पोखरियाल, फार्मासिस्ट ताजवीर सती, मेडिकल स्टाफ इंदु गुसाईं, नर्सिंग स्टाफ अनीता रावत के अलावा पवन बिष्ट, डिकॉक के अलावा अस्पताल के व्यवस्थापक रोहन, वरिष्ठ समाजसेवी पालक अतुल साह मौजूद रहे।

# फायर बुल्स ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोटद्वार की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का मंगलवार को फाइनल मुकाबला खिला गया। प्रतियागिता का फाइनल मुकाबला फायर बुल्स के नाम रहा। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिला प्रचारक राहुल ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। आज कई युवा खेल के क्षेत्र में अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में फायर बुल्स विजेता व मेहरबान सिंह कंडारी विद्यालय उपविजेता रहा। जबकि, जूनियर वर्ग में एसडीकेडी एजुकेशनल एकेडमी विजेता व राइंका मोटाढांक उपविजेता रही। सह विभाग धर्म जागरण प्रमुख रविंद्र ने प्रतियोगिता के विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।



कोटद्वार में कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

# राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली एंटी ड्रग रैली



नानकमत्ता, महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता के छात्र–छात्राओं द्वारा एंड ड्रग जागरूकता अभियान के तहत बाजार में विशाल रैली निकाली गई, रैली के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक किया गया, इससे पूर्व महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान वैशाली राणा और ईशा राणा इसके साथ ही द्वितीय स्थान पीयूष गहतोड़ी, गुरमेल सिंह ने प्राप्त किया, एंटी ड्रग जागरूकता अभियान की रैली महाविद्यालय से शुरू होकर गुरुद्वारा रोड होते हुए मेन चौराहे पर पहुंची, जहां महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल द्वारा अपने संबोधन के माध्यम से आमजन को नशे को लेकर होने वाली बीमारी व परेशानियों के बारे में विस्तार से बताया गया, इस मौके पर प्रोफेसर विद्या शंकर शर्मा, प्रोफेसर राकेश कुमार, डॉ चंपा टम्टा, डॉ मोनिका बिष्ट, डॉ ललित बिष्ट, डॉ स्वाति पंत लोहनी, डॉ दीप्ति कार्की, डॉ राकेश कुमार, डॉ प्रियंका विश्वकर्मा, डॉक्टर कंचन जोशी, डॉ दर्शन मेहता, डॉ स्वाति टम्टा, डॉक्टर भावना जोशी समेत प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक मौजूद थे

## गदरपुर भाजपा मंडल की बैठक सम्पन्न

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी गदरपुर की मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा तथा विधायक अरविंद पांडे की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर और पार्टी की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। संचालन मंडल महामंत्री अनिल जेटली व अभिषेक वर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य वक्ता राम मल्होत्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक हुड़िया, मंडल के प्रभारी अमित सिंह, जिला मंत्री चंकित हुडिया, सुभाष गुम्बर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, संजय प्रधान, जुल्फेकार अली, वकुल अरोरा, सोनू विश्वास, कुलवीरी चौधरी, ज्योति अरोरा, रेखा गुप्ता, रेणु बिष्ट आदि थे।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुतला फूँका



पिथौरागढ़। मंगलवार को गांधी चौक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र थापा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी नेता कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी पर किए गए अनर्गल बयान बाजी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि नैतिकता की बात करने वाली पार्टी के नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस दौरान कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नंदा उपाध्यक्ष महिराज गर्ब्याल, प्रदेश सचिव नेत्र सिंह कुंवर पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह दरियाल डूंगर सिंह दानू, नगर पालिका सभासद , जानकी गुंज्याल, सरपंच लक्ष्मी गुंज्याल,ब्लॉक कांग्रेस महासचिव रूप सिंह दानू , नवीन खर्कवाल दीपक बिष्ट , अल्पसंख्यक अध्यक्ष सज्जाक खान, सचिव विक्रम राम पारीख,सभासद वीरेंद्र गर्ब्याल , जीत सिंह धामीशकुंतला दताल,ओ पी वर्मा नवनीत जीवन रौतेला आदि मौजूद रहे।

# सरकार गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करे



चम्पावत। गवर्नमेंट पेंशनर्स वैलफेयर आर्गेनाइजेशन ने विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार से गोल्डन कार्ड में आ रही विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई। नगर पालिका सभागार में आर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष हयात सिंह तड़ागी की अध्यक्षता और प्रदेश महामंत्री बची सिंह रावत के संचालन में पेंशनर्स ने गोल्डन कार्ड की व्यवस्थाओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की लचर व्यवस्था के कारण पेंशनर्स को अस्पताल में सही उपचार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सीजीएचएस की दरों पर भी चयनित अस्पताल में उपचार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो पेंशनर्स गोल्डन कार्य योजना में शामिल नहीं उनको पुरानी स्वास्थ्य व्यवस्था प्रतिपूर्ति जल्द लागू की जाए। उन्होंने बताया कि जिन्होंने गोल्डन का विकल्प नहीं में भरा था, उनसे एकमुस्त वसूली की गई थी। उसे तत्काल वापस किया जाए। पेंसनर्स से गोल्डन कार्ड में मासिक अंशदान पेंशन का पचास फीसदी और पारिवारिक पेंशनर्स से 30 फीसदी लिया जाए। उन्होंने सातवें वेतन आयोग जनवरी 2016 से 50 फीसदी पेंशन निर्धारित शासनदेश लागू करने की मांग उठाई।

## लोगों ने की पेयजल समस्या दूर करने की मांग

चम्पावत। पाटी में पेयजल समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कई लोगों ने पेयजल समस्या उठा-ई। विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। पाटी में मंगलवार को पेयजल समस्या समाधान शिविर लगाया गया। मैरोली निवासी नीरज लडवाल ने कहा कि उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत कुछ लोगों को कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। साथ ही लगाए गए कनेक्शनों में पानी नहीं आ रहा है। लधौन निवासी प्रेम राम ने अनुसमूचित बस्ती में पानी नहीं आने की शिकायत की। कहा कि बगैर पानी आपूर्ति के ही बिल थमाए जा रहे हैं।

# जिला पुस्तकालय में बनेगा 50 बच्चों के पठन–पाठन के लिए फेब्रीकेटेट हॉल



बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने ने राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया पुस्तकालय के ऊपर 50 बच्चों के पठन–पाठन हेतु फेब्रीकेटेड हॉल, प्रतियोगी पुस्तकें व उचित विद्युत व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ग्रामीण निर्माण विभाग के ईई को इसका आंगणन प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, शिक्षित युवाओं से ही स्वस्थ व शिक्षित समाज का निर्माण होता है, इसलिए युवाओं के पठन–पाठन में शिक्षाप्रद, रुचिकर पुस्तकों के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकें पुस्कालय में होनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए, तांकि युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पुस्तकालय का लाभ उठाकर सफलता प्राप्त कर सकें। पुस्तकालयाध्यक्ष भुबन चंद्र जोशी ने बताया कि लाइब्रेरी के दोनों मंजिलों में 50–50 बच्चों के बैठने की व्यवस्था है। बच्चों के पठन–पाठन हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध है। बच्चों द्वारा कुछ नए पुस्तकों की सूची भी उपलब्ध कराई हैं, जिन्हें मंगवाया जाना है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में आजीवन सदस्यता शुल्क 200 रुपये रखा गया है।

# जिलाधिकारी धीरज गर्ब्याल ने दिये अधिकारियों को दिशा निर्देश




नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने कलेक्ट्रेट सभागार मैं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिसके तहत जनपद वासियों को जल आपूर्ति हेतु हर घर नल लगाने के गतिमान निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए समीक्षा बैठक ली।समीक्षा बैठक में नैनीताल जिले में 1027 करोड़ की योजना से प्रथम फेस के बाद 586 द्वितीय फेस के स्वीकृत कार्य किए जाने हैं। जिलाधिकारी ने जल संस्थान, जल निगम एव कार्यदायी संस्था को कार्यों में पारदर्शिता,समयबद्वता एव गुणवत्ता के साथ ही मानकों के अनुरूप संबंधित अधिकारियों एव कार्यदायी संस्था को कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा यदि कार्यों में किसी प्रकार की खामियां पाई गई तो संबंधित अधिकारी एव कार्यदायी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।अधिशासी अभियंता पेयजल जल निगम जी एस तोमर ने बताया की जनपद मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1153 करोड की धनराशि से 989 कार्य योजना पर कार्य किया जाना जिसके तहत 493 पर कार्य पूर्ण कर लिया गया,275 मै कार्य गतिमान है, शेष 22 जलनिगम एव 187 जल सस्थान के कायी मै टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने उप जिलाधिकारियो को जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता की स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए कहां क्या कार्य मानकों के आधार पर किया जा रहा है या नहीं यदि मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है तो ऐसे संबंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफ आई आर करना सुनिश्चित करें।

## नकल विरोधी कानून युवाओं के हित में

चम्पावत। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून लागू किए जाने का चम्पावत भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने सीएम का धन्यवाद अदा किया है। मंगलवार को जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने डीएम के माध्यम से सीएम को धन्यवाद पत्र भेजा। कहा कि उत्तराखंड के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारत का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। ज्ञापन सौपनें वालों में मंडल अध्यक्ष रोहित कुमार, रघुराज, दीपक कुमार, छात्रसंघ महासचिव विजय कुमार, विकास, रुपेश समेत रहे।

## पर्वतीय क्षेत्र की जनता प्राधिकरण लागू होने से परेशान

अल्मोड़ा। डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को समिति के बैनर तले विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार से जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि डीडीए समाप्ति को लेकर चला आ रहे धरना–प्रदर्शन को पूरे छह साल बीते गये हैं। सरकार ने अब तक मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं की है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। कहा कि पर्वतीय क्षेत्र की जनता प्राधिकरण लागू होने से परेशान है। प्रदेश की भाजपा सरकार इस मामले में चुप्पी साधे है। कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में समिति के संयोजक व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन सिंह रौतेला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, अमन अंसारी, हेम चंद्र तिवारी, भारत रत्न पांडे, मनोज सनवाल, बीके पांडे, दीवान राम, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, शोभा जोशी, हेम चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, आनंद सिंह बगड़वाल समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# चालान की कार्रवाई से नाराज टैक्सी यूनियन ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़। धारचूला नगर में पुलिस के द्वारा किए जा रहे चालान की कार्रवाई को लेकर महाकाली टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष कमल मार्छाल के नेतृत्व में वाहन स्वामियों व वाहन चालकों ने धारचूला में पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ब्लाक प्रमुख धन सिंह धामी को ज्ञापन सौपकर नाराजगी जताई। महाकाली व छिपला केदार टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष कमल मार्छाल व केशर धामी ने कहा कि नगर मुख्यालय में टैक्सी स्टैंड की कोई व्यवस्था नहीं है।

ऐसे में टैक्सी यूनियन के द्वारा प्रशासन को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए हर संभव सहयोग किया जाता है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के पुलिस के द्वारा मुख्य स्थानों पर नो पार्किंग के बोर्ड लगाकर लगातार चालान की कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों व स्वामियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख धन सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर 22 फरवरी से टैक्सी वाहनों का अनिश्चितकालीन संचालन बंद करने की चेतावनी भी दी है। ब्लॉक प्रमुख के द्वारा टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों को उप जिलाधिकारी के संग बैठक कर समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया गया है।

## पुलिस वाले से मारपीट के दो आरोपी दोषमुक्त

बागेश्वर। न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवान अंसारी की अदालत ने मारपीट और गालीगलौज के आरोपों से दो आरोपियों को दोषमुक्त किया है। मामले के कांडा थाने में तैनात वादी आरक्षी जगत सिंह की ओर से आरोपी धीरज सिंह और हितेंद्र सिंह राठौर दोनों निवासी मलसूना के खिलाफ थाने में मारपीट और गालीगलौज करने का मामला दर्ज कराया था। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में आठ गवाह पेश कराए गए। आरोपी धीरज की पैरवी अधिवक्ता कुंडल धपोला और हितेंद्र की विनोद भट्ट ने की। न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए दोनों आरोपियों को दोषमुक्त किया गया। वहीं धारा 186 के तहत अलग से दाखिल परिवाद की सुनवाई के दौरान आरोपियों के जुर्म कबूल करने पर दोनों को 30–30 हजार के निजी मुचलके और एक–एक जमानती पेश करने पर एक साल की परिवीक्षा पर रिहा करने का आदेश सुनाया।

# लामाखेड़ा में खनन स्टॉक की अनुमति पर ग्रामीणों ने लगाई आपत्ति



सितारगंज। साधुनगर खनन मार्ग में उप खनिज स्टॉक की प्रस्तावित अनुमति का ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए आपत्ति दर्ज करा दी है ग्रामीणों का आरोप है कि साधु नगर खनन क्षेत्र होने के कारण मार्ग में वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है।

इसी मार्ग पर खनन स्टॉक की अनुमति से सड़क हादसे कई गुना और बढ़ सकते हैं। जिससे जनहानि की संभावना है। लामाखेड़ा की ग्राम प्रधान सोमवती ने ग्रामीणों के साथ तहसीलदार को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के बादाम सिंह और कृपाल सिंह की भूमि में खनन स्टॉक अनुमति के लिए आवेदन किया गया है। जिसका पता चलते ही ग्रामीणों ने खनन स्टॉक की अनुमति का विरोध शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रस्तावित खनन स्टॉक की अनुमति वाले स्थान से मुख्य सड़क सटी हुई है। जिसके पास आबादी क्षेत्र है यहां खनन स्टॉक की अनुमति से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का सड़क से निकलना मुश्किल हो जाएगा।

# डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान




सितारगंज।राजकीय महाविद्यालय सिसोना में एक रक्तदान शिविर का आयोजन शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट ने किया गया।

जिसमे करीब 35 छात्र–छात्राओं ने रक्तदान किया। शिविर में चिकित्सकों ने बताया कि रक्तदान से जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। सभी को बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए।

इस मौके ट्रस्ट के संस्थापक गुरवीर सिंह, सर्वजीत सिंह, नवीन जोशी, गोकुल मेहरा, प्रभजोत सिंह, मनी सिंह, गुरविंदर मोमि, अमित बोरा, पारस भंडारी, डॉक्टर टीम एस एच ब्लड सेंटर टीम, प्राचार्य डॉक्टर सुभाष वर्मा मौजूद रहे।

## आश्वासन के बाद पेयजल के लिए प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

अल्मोड़ा। नौगांव इंटर कॉलेज कफड़ा में छात्र–छात्राओं के लिए पेयजल व्यवस्था नहीं होने से परेशान प्रबंध समिति के अध्यक्ष बचे सिंह बिष्ट की ओर से पूर्व निर्धारित मंगलवार से शुरू होने वाला आमरण अनशन मौके पर पहुंचे पेयजल अधिकारियों ने लिखित समझौते के साथ स्थगित कर दिया है। समझौता वार्ता में जल संस्थान के सहायक अभियंता जेएस तोमर, अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह रौतेला एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष बचे सिंह बिष्ट, प्रबंधक शैलेंद्र रावत, प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य सहित प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने फूंका भाजपा सरकार के मंत्री जोशी का पुतला




बागेश्वर। जिला कांग्रेस ने भाजपा के मंत्री गणेश जोशी पर अनर्गल बयानबाजी का आरोप लगया है। नाराज कार्यकर्ताओं ने जोशी के पुतले का दहन किया। यहां हुई सभा में जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने कहा कि बेजुंवा को लाठी से मारने वाले जुवां वालों को नसीहत दे रहे हैं। सत्ता के नशे में चूर जोशी अपनी मर्यादा भूल रहे हैं। जिसे कांग्रेस कतई सहन नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता मंगलवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री जोशी ने दूसरी बार कांग्रेस पर अनर्गल बयानबाजी की है। जिसकी कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर मंत्री अनुशासनहीन हो गए हैं, जबकि उनकी पार्टी खुद को सबसे बड़ा अनुशासित पार्टी बताजी है। ऐसे बड़बोले नेताओं को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने जोशी अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की है। इस दौरान सुरेश गड़ि़या, गोकुल परिहार, कुंदन सिंह, किशन गिरी, देंव्रद सिंह परिहार, ललित बिष्ट, राजेंद्र टंगड़ि़या, मुन पांडे, प्रमोद जोशी आदि मौजूद रहे।

# जीजीआईसी थत्यूड़ की प्रधानाचार्य आरती को मिला आईकन अवार्ड

नई टिहरी। रुड़की के नगर निगम सभागार में आयोजित अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए टिहरी गढ़वाल के जौनपुर ब्लाक की जीजीआईसी थत्यूड़ की प्रधानाचार्या आरती चितकारिया को 2023 के टीचर्स आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। आईकन अवार्ड राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष देश के ऐसे शिक्षाविदों को समर्पित किया जाता है। जिन्होंने अपने बूते पर अपने कार्य क्षेत्र में न सिर्फ उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं, बल्कि जो विद्यालय, विद्यार्थियों और समाज में अपने अनुकरणीय प्रयासों के बल पर अपने कार्यक्षेत्र में पहचाने जाते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – नवाचार और सम्भावनाएं विषय पर एक गोष्ठी का




भी आयोजन हुआ। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले विद्वान शिक्षाविदों द्वारा अपने सशक्त विचार व्यक्त किये गए। अवार्ड देने वालों में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर गौरव गोयल एवं राज्य संसाधन केंद्र उत्तराखंड की पूर्व निदेशक डा प्रिया जाडू एवं एससीईआरटी के निदेशक कृष्णानन्द बिजल्वाण शामिल रहे।

प्रधानाचार्या आरती चितकारिया की इस उपलब्धि पर उनके स्टाफ, मित्रों व परिजनों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यूपी लोक सेवा आयोग से चयनित आरती चितकारिया टिहरी जिले से पूर्व चमोली, पौड़ी व हरिद्वार जिले में भी विभिन्न विद्यालयों में बतौर प्रवक्ता तथा प्राचार्या के रूप कार्य कर चुकी हैं। निरन्तर साहित्य सृजन भी कर रही हैं। इन्हें दिल्ली में साहित्य सारथी सम्मान, लखनऊमें समाज भूषण एवम शब्द साधक सम्मान, उज्जैन में उत्कृष्ट सेवा सम्मान, नई दिल्ली में प्रसिद्ध कवि एवम पद्मभूषण सुरेन्द्र शर्मा के हाथों रचनात्मक प्रतिभा शिक्षक सम्मान एवं हिंदी सारथी सम्मान, साक्षरता प्रहरी सम्मान, ग्वालियर में ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड मिल चुके हैं।

## इंडिया क्विज में नैंसी और ऋषभ स्टेट के लिए चयनित

रुद्रप्रयाग। फिट इंडिया क्विज के दूसरे संस्करण में केन्द्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय राउंड के लिए पात्रता प्राप्त कर ली है। यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि के प्राचार्य अनीश जोशी ने बताया कि इंडिया क्विज 2022 के दूसरे संस्करण में केंद्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि की कक्षा 11 की छात्रा नैंसी नेगी तथा छात्र ऋषभ राणा स्टेट लेवल राउंड के लिए चयनित हुए। यह क्विज प्रतियोगिता पिछले माह ऑनलाइन आयोजित हुई थी। पूरे भारतवर्ष से इस प्रतियोगिता में सीबीएसई एवं स्टेट बोर्ड के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। नैंसी नेगी ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया और नॉर्थ जोन में टॉपर बनी। छात्रों की इस कामयाबी पर पूरा विद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस कामयाबी के लिए दोनों विद्यार्थियों को पूरे विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने ढेर सारी बधाई और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दी है।

# डीएम डा. सौरभ की मिशन शतक पहल को सराहा

नई टिहरी। राजकीय शिक्षक संघ सहित छात्रों ने डीएम डा सौरभ गहरवार की अभिनव मिशन शतक को सराहा है। कहा कि मिशन शतक से गरीब बच्चों को इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की निशुल्क तैयारी का लाभ मिलेगा। डीएम डा. सौरभ गहरवार ने जनपद टिहरी गढ़वाल में सरकारी स्कूलों के विज्ञान वर्ग के 12 वीं के छात्रों के लिए मिशन शतक की अभिनव पहल की है। जिसमें स्कूली छात्रों का टेस्ट लेकर 100 छात्रों का चयन किया गया है। जिन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों की मदद से मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग निशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलबर सिंह रावत और महामंत्री बुद्धि प्रसाद भट्ट ने इस पहल का स्वागत किया। कहा कि डीएम गहरवार की इस पहल से उन गरीब छात्र–छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। जो महंगी कोचिंग नहीं ले पाते हैं या फिर कोचिंग के बिना डॉक्टर और इंजीनियर बनने का सपना ही भूल जाते हैं। ऐसे छात्रों को अपने सपने पूरे करने का मौका मिलेगा।मिशन शतक में चयनित जीआईसी हिंसरियाखाल कीर्तिनगर की मनीषा और लंबगांव जीआईसी पल्लवी काफी खुश है। इनका कहना है कि मिशन शतक में डीएम डा. सौरभ की पहल से स्थान मिला है। उन्हें कोचिंग निशुल्क मिलने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अभी से गाइडेंस मिलेगी।

## प्रतापनगर में सम्मान कार्यक्रम आज

नई टिहरी। कस्तूरबा गांधी मातृ सम्मान दिवस के मौके पर बुधवार को प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच की ओर से शिक्षाविद विद्यादत्त रतूड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालक दस अन्य लोगों को सम्मानित किया जाऐगा। सम्मान कार्यक्रम में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी,ब्लाक प्रमुख प्रदीप रमोला तथा नपं अध्यक्ष भरोसी देवी आदि मौजूद रहेंगे।

# लॉटरी के नाम पर महिला से ठगे आठ लाख रुपये



नई टिहरी। देवप्रयाग में लॉटरी के नाम पर महिला से आठ लाख से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है।

मामले में थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। देवप्रयाग थाना क्षेत्र के पट्टी हिंडोलाखाल के महड़ गांव में एक महिला को व्हाट्सअप कॉल के जरिये लॉटरी खुलने का झांसा देकर ठग लिया गया। एसएचओ देवराज शर्मा ने बताया कि महड़ गांव में बकरी पालकर गुजारा करने वाली लक्ष्मी देवी को साल के पहले दिन 1 जनवरी को व्हाट्सअप से कोई अज्ञात कॉल आया। जिसमें महिला की 25 लाख की लॉटरी खुलने की बात कही गयी। लॉटरी की रकम को पाने के लिए महिला से 12 हजार दौ सौ का फाइल चार्ज भरने को कहा गया।

महिला द्वारा 7 जनवरी को यह रकम भरते ही ठगों ने 15 फरवरी तक उससे किसी न किसी बहाने रकम वसूली जाती रही। ठगों के झांसे में आई महिला ने अपने सभी गहने बेच डाले साथ ही रिश्तेदारों से भी काफी कर्ज ले लिया।महिला के पति जगदीश सिंह को इस मामले की जब तक भनक लगी तब तक महिला 8 लाख 13 हजार लॉटरी के नाम पर गवां चुकी थी।

लॉटरी के नाम पर ठगी की शिकार हुई महिला व उसके पति ने थाना देवप्रयाग में इस बाबत रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस मामले में एसएस–।आई अनिरुद्ध मैठाणी को जांच अधिकारी बनाया गया है। इस मामले का खुलासा होने के बाद महिला के साथ ही उसको कर्ज देने वाले भी सकते में हैं।

# जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर लोग

विकासनगर। चकराता–त्यूणी–मसूरी–मलेथा (सीटीएमएम) राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुसाफिर जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। मार्ग पर पड़े गड्ढों के साथ ही मलबा, बोल्डर पड़े होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन आने वाले इस मार्ग के चकराता से त्यूणी तक के 85 किमी के हिस्से के रखरखाव के लिए तीन अलग अलग समूहों में दैनिक श्रमिक रखे गए हैं, लेकिन दैनिक श्रमिक मार्ग पर पड़े कूड़े को ही उठाने तक ही सीमित रहते हैं। बीते दिसंबर माह में मार्ग से दैनिक श्रमिकों को भी हटा दिया गया है, जिससे मार्ग के वास्तविक स्थिति की जानकारी भी अधिकारियों तक नहीं पहुंच रही है।

निवासी रामानंद चौहान, धन सिंह, धूम सिंह, कुंवर सिंह, कृपाल सिंह, फतेह सिंह, विक्रम सिंह, अर्जुन सिंह राणा, महावीर सिंह, स्वराज सिंह ने बताया कि चकराता से त्यूणी तक इस मार्ग से पचास से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांडा बैंड, सनसू, चिल्हाड़, भंद्रौली, रोहटा खड्ड, कचाणू धार, त्यूना के पास हर दिन मलबा, बोल्डर गिरते रहते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस मार्ग पर अक्सर ग्रामीण अपनी नगदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने के लिए रात में सफर करते हैं। बावजूद इसके राष्ट्रीय राज मार्ग के सुधारीकरण नहीं किया जा रहा है, जिसका खामियाजा मार्ग पर सफर करने वाले ग्रामीणों को भुगतन पड़ रहा है। उधर, लोनिवि एनएच खंड के एसडीओ अनिल बिष्ट ने बताया कि सड़क सुधारीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दी गई है, जल्द ही सुधारीकरण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# नकल विरोधी कानून लागू होने पर भाजयुमो ने रैली निकाल कर जताई खुशी

विकासनगर। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मंगलवार को कालसी से विकासनगर तक बाइक रैली निकाल कर नकल विरोधी कानून लागू किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिराग गुलेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता कालसी में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने सबसे पहले शहीद सुरेश तोमर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली। कालसी से शुरु हुई रैली हरिपुर, बाड़वाला, अंबाड़ी, विकासनगर से होते हुए हरबर्टपुर क्रांति चौक पर जाकर समाप्त हुई। जहां कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के पक्ष में नारेबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। रैली का नेतृत्व कर रहे युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने



कहा उत्तराखंड देश पहला राज्य है, जहां नकल करने और करवाने वाले के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून को लागू करने से मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि वह युवाओं के हितैषी हैं। कांग्रेस युवाओं को गुमराह कर रही है। वहीं युवा मोर्चा की आभार रैली में पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने कहा प्रदेश सरकार युवाओं के साथ है।

युवाओं को मुख्यमंत्री पर भरोसा रखना चाहिए। भाजपा सरकार में किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कांग्रेस शासनकाल में युवाओं की कोई सुनवाई नहीं होती थी।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2022 में एक ग्रामीण ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपनी बेटी के अपहरण की तहरीर दी। तहरीर में ग्रामीण ने अपनी 19 वर्षीय बेटी को नाबालिग बताया। यही नहीं बेटी को नाबालिग दिखाने के लिए ग्रामीण ने बेटी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसको 16 वर्षीय नाबालिग दिखाया। जांच के दौरान ग्रामीण की ओर से पेश किये गये दस्तावेज फर्जी पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी करने का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण ने 2022 में अपनी बेटी के अपहरण की रिपोर्ट लिखाई। रिपोर्ट में ग्रामीण ने अपनी 19 वर्षीय बेटी को नाबालिग दर्शाया। जिसके सबंध में ग्रामीण ने दस्तावेज भी पेश किये थे। तब पुलिस ने कार्रवाई नाबालिग अपहरण के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। लेकिन मामले की जांच कर रही महिला एसआई नीमा रावत ने जांच के दौरान पाया कि ग्रामीण की बेटी का जब अपहरण हुआ था तब वह नाबालिग नहीं थी। बल्कि 19 वर्ष की थी। जिस पर एसआई नीमा रावत ने ग्रामीण के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार करने व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया।

# श्यामपुर ई–रिक्शा एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने ली शपथ

ऋषिकेश। श्यामपुर ई रिक्शा एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें विजयपाल सिंह रावत ने अध्यक्ष और देवानंद बर्थवाल ने महासचिव पद की शपथ ली। मंगलवार को श्यामपुर ई रिक्शा एसोसिएशन के तत्वावधान में प्राचीन सत्यनारायण मंदिर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी जयेंद्र रमोला ने एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। विजयपाल सिंह रावत ने अध्यक्ष, सुशील लखेड़ा ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश जोशी ने उपाध्यक्ष, देवानंद बर्थवाल ने महासचिव, मोहनलाल कुकरेती ने सचिव, राकेश सिंह नेगी ने सह सचिव, कुंवर सिंह




चौहान ने कोषाध्यक्ष, रमेश राणाकोटी ने उप कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। वहीं नारायण सिंह भंडारी, वीर सिंह रावत, विक्रम सिंह रावत, सुनील बलूनी, रोहिणी धर बर्थवाल, देवेंद्र सिंह, शीशपाल सिंह ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पाल सिंह रावत ने कहा कि ई–रिक्शा संचालकों की शासन प्रशासन स्तर पर लंबित मांगों के निराकरण के लिए कार्य किया जाएगा। मौके पर रायवाला व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक रावत, गौहरी माफी के पूर्व प्रधान संजय पोखरियाल, खदरी की पूर्व प्रधान सुनीता रावत, डॉ. कृपाल सिंह रावत, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य वीर सिंह नेगी, कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज गुसाईं, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव राणा, सोहनलाल रतूड़ी, देवी प्रसाद व्यास, डीलक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत डंग, गढ़वाल टैक्सी एसोसिएशन के सचिव विजेंद्र कंडारी, कुंवर पाल रावत, अच्छू सिंह, कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव कमलेश शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अंशुल त्यागी, निर्मला देवी, वीरेंद्र नौटियाल, योगराज दत्त नौटियाल आदि उपस्थित रहे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मंडल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाषः 01346–252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UR2001SGC025867

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांकः 21.02.2023

अद्योहस्क्षरकर्ता द्वारा इस मण्डल के अन्तर्गत निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संख्या–34/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Kandakhal Gram Pumping Peyjal Scheme under EDD, Kotdwar in Deposit Head.

ई–निविदा संख्या–35/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Karthi Kothar Pumping Peyjal Scheme under EDD, Kotdwar in Deposit Head.

ई–निविदा संख्या–36/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Bairagarh-Juledi Pumping Peyjal Scheme under EDD, Kotdwar in Deposit Head.

ई–निविदा संख्या–37/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Bheeda-Hasiyudi Pumping Peyjal Yojna under EDD, Nainidanda in Deposit Head.

ई–निविदा संख्या–38/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Rewa-Rikhnikhal Gram Samuh Pumping Peyjal Scheme under EDD, Nainidanda in Deposit Head.

ई–निविदा संख्या–39/विविमश्री/2022–23– Construction work of 11 KV line for Kandarsyon Pumping Peyjal Scheme under EDD, Pauri in Deposit Head.

अन्य विवरण के लिये कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in देखें एवं ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए कृपया फोन नं0 01346–252137 पर सम्पर्क करें।

पत्रांकः 278/वि0वि0म0श्री0/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें (टोल फ्री नं0 :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।


# धूमधाम से निकाली भगवान शिव की शोभायात्रा, श्रद्धालु भक्तिरस में भावविभोर

ऋषिकेश। सिद्वपीठ चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत मंगलवार को भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली गई। नगर क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्तिरस में भावविभोर नजर आए। मंगलवार को सिद्वपीठ चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर से विभिन्न झांकियों और बैंड बाजों के साथ निकली शोभायात्रा चंद्रेश्वर नगर, हरिद्वार रोड, रेलवे रोड, देहरादून रोड, तिलक रोड होते हुए त्रिवेणी घाट पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान शिव के अलावा विभिन्न देवी–देवताओं की मनमोहक



झांकिया निकाली गईं। शिव के वाहन नंदी और शिव के गण शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे। नगर क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। मौके पर चंद्रेश्वर महादेव मंदिर के महंत चन्द्रमोहन गिरी, कृष्णा राजभर, कमल प्रजापति समेत बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

# वन विभाग की टीम ने देवदार की लकड़ी के 40 स्लीपर बरामद किये

विकासनगर। चकराता के जंगलों में अवैध कटान कर बड़े पैमाने पर देवदार की बेशकीमती लकड़ी की तस्करी की जा रही है। चकराता वन प्रभाग की रीवर रेंज डाकपत्थर की टीम ने विकासनगर की एक आरा मशीन में बेचे जा रहे चालीस देवदार के स्लीपर पकड़कर रीवर रेंज में सीज कर दिए हैं, जबकि लकड़ी तस्कर लोडर वाहन सहित फरार हो गये हैं। मंगलवार को रीवर रेंज डाकपत्थर की टीम को सूचना मिली कि चकराता के जंगलों से अवैध कटान कर देवदार के स्लीपरों को विकासनगर की आरा मशीन में बेचा जा रहा है। जिस पर वन विभाग की टीम ने तत्काल आरा मशीन पर पहुंचकर छापेमारी की। इससे पहले लकड़ी तस्करों को वन विभाग की टीम के पहुंचने की भनक लगी और वे लोडर में रखी लकड़ी को आरा मशीन में डालकर लोडर को लेकर फरार हो गये। लेकिन वन विभाग की टीम ने तस्करी कर लाये गये देवदार के चालीस स्लीपर पर कब्जे में ले लिए। सभी स्लीपरों को वन विभाग की टीम अपने वाहन में भरकर डाकपत्थर रीवर रेंज परिसर में ले गयी। जहां लकड़ी को सीज कर दिया

वन क्षेत्र अधिकारी अनिल कुमार भट्ट ने कहा देवदार के स्लीपर की जांच की जा रही है। कहां से यह लकड़ी लाई गई थी, जांच के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कांग्रेस का मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने मंत्री पर अनर्गल बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता चौदहबीघा स्थित चंद्रभागा पुल पर एकत्रित हुए। वहां उन्होंने भाजपा सरकार और मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष महावीर खरोला ने कहा कि भाजपा के मंत्री गणेश जोशी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा के बड़बोले मंत्री लगातार गलत बयानबाजी कर रहे हैं, यह एक मंत्री पद आसीन व्यक्ति को शोभा नहीं देता है।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव G20
**निविदा सूचना**
नं. 74-W/2/3/WA/Publication Date: 20.02.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि 07.03.2023 है। निम्न टेंडर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 04-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 05-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 06-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 07-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 08-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Hardoi Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Roorkee Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Shahjahanpur Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Chandausi Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Hapur Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 |
| अनुमानित लागत | 2495477.70 | 2491398.06 | 2089771.65 | 1642144.23 | 2062311.64 |
| धरोहर राशि | 49900.00 | 49800.00 | 41800.00 | 32900.00 | 41300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 |

556/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव G20
**निविदा सूचना**
नं. 74-W/2/3/WA/Publication Date: 20.02.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि 07.03.2023 है। निम्न टेंडर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 09-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 10-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 11-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 12-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 13-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Rampur Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Amroha Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Najibabad Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Bulandshahr Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Gajraula Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATION SCHEME. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 | 07.03.2023 16.00 |
| अनुमानित लागत | 2335523.87 | 2210337.87 | 1665207.68 | 1768386.29 | 2125622.33 |
| धरोहर राशि | 46700.00 | 44200.00 | 33300.00 | 35400.00 | 42500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 |

558/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# देवभूमि में अवैध का बोलबाला

देवों की भूमि होने के लिहाज से उत्तराखंड को एक ऐसे प्रदेश के रूप में प्रदर्शित होना चाहिए था जहां लगभग रामराज जैसा माहौल नजर आता लेकिन आज उत्तराखंड की जो स्थिति है वह कोई बहुत अधिक सुखद नहीं कही जा सकती। राज्य निर्माण के बाद से किस प्रदेश में अवैध कार्यों का जो सैलाब उम्र का सामने आया है उसने यहां की व्यवस्थाओं पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। विषय अवैध का हो तो यह अवैध कार्यों की तो मानव धूम ही मची हुई है फिर वह चाहे खनन हो या फिर शराब का कारोबार या फिर इन सबसे ऊपर सबसे अधिक चर्चाओं में रहने वाला नकल कर-ाकर सरकारी नौकरियां देने का कारोबार। बेहद दुर्भाग्य है यह उत्तराखंड का कि यहां विकास के पथ पर चलने की अवधारणा को दरकिनार करते हुए अवैध कार्यों के पथ पर चल कर प्रदेश का नाम मटिया मेट किया जा रहा है। उत्तराखंड में नशे का कारोबार आज जिस मुकाम पर पहुंच चुका है उस पर लगाम कसने में पुलिस के भी पसीने टूट रहे हैं। आज उत्तराखंड पुलिस सोशल मीडिया पर नशे के कारोबार का खुलासा करने को लेकर अपनी उपलब्धियों का बखान कर रही है लेकिन यह समझ लेना चाहिए जो सामने आता है उसके पीटे का नजारा उससे कहीं अधिक बढ़-चढ़कर होता है। यानी कि स्पष्ट है कि उत्तराखंड में आज नशा चप्पे-चप्पे को अपने आगोश में ले चुका है। पहाड़ों में अवैध शराब का कारोबार पुलिस की नाक के नीचे चल रहा है तो मादक द्रव्य का बाजार भी गर्म है। पुलिस जो प्रदर्शित करती है हकीकत उससे कहीं अधिक बढ़-चढ़कर बोलती है। राज्य गठन के बाद परिकल्पना की गई थी कि एक ऐसे राज्य का निर्माण होगा जहां नशा उन्मूलन, घूसखोर एवं भ्रष्टाचार पर रोकथाम तथा अपराध-बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर प्रदेश अपने पैरों पर खड़ा हो पाएगा, लेकिन ऐसा सोचना केवल एक सपना ही साबित हुआ। उत्तराखंड के चप्पे-चप्पे पर अवैध शराब से लेकर नशे का कारोबार पनप रहा है। दैनिक तौर पर पुलिस अपनी उपलब्धियों का बखान करते हुए मादक द्रव्य एवं अवैध शराब को पकड़ने का का दावा करती है लेकिन इस तथ्य को आसानी से समझा जा सकता है कि क्यों पकड़ में आ रहा है वह असल हकीकत में कितना अनुपात होगा? उत्तराखंड पुलिस की तमाम शाखाएं मादक द्रव्य को पकड़ने में ही मशगूल है लेकिन बावजूद इसके इस पर रोकथाम लगाना असंभव सा लगने लगा है। थाने चौकियों के बगल में अवैध शराब बिक रही है तो कल्पना की जा सकती है कि काले कारोबार का खेल आखिर कैसे रुकेगा? उत्तराखंड की कल्पना जिन सपनों को लेकर की गई थी वह आज कहीं नजर नहीं आते, भ्रष्टाचार तमाम विभागों में व्याप्त है तो वही भर्ती घोटाले एवं नशे की कारोबार ने प्रदेश को अपनी आगोश में लेकर विकास के पहिए पर रोकथाम लगा दी है। ना जाने उत्तराखंड की सूरत कब सुधरेगी और कब देवभूमि के नाम के अनुरूप इस प्रदेश में अवैध काम का सिलसिला रुक पाएगा।

# नई पेंशन स्कीम : नहीं होने जैसा है

**राजेंद्र शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के हाल के चुनाव में जनता के सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ स्पष्ट जनादेश देने के बाद से पुरानी पेंशन बनाम नई पेंशन व्यवस्था के विवाद ने सभी प्रमुख राजनीतिक ताकतों को अपना नोटिस लेने के लिए बाध्य कर दिया है।

इस अपेक्षात छोटे हिमालयी राज्य में भाजपा के सत्ता से बाहर किए जाने के लिए राज्य सरकार कर्मचारियों के पुरानी पेंशन की बहाली की मांग के आंदोलन को, विशेष रूप से जिम्मेदार माना जा रहा है।

भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकारों के नई पेंशन व्यवस्था का खुलकर बचाव करने के विपरीत सिर्फ वामपंथी पार्टियों ने ही नहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी पुरानी पेंशन योजना की बहाली के राज्य सरकार कर्मचारियों के व्यापक आंदोलन को अपना समर्थन देकर वर्तमान तथा भूतपूर्व कर्मचारियों के बड़े हिस्से को अपने पक्ष में कर लिया। इस मुद्दे के प्रभाव का ही सबूत है कि इस चुनाव के बाद राज्य में आई कांग्रेस की नई सरकार ने पहला बड़ा निर्णय कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने का ही लिया है। छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान की कांग्रेस सरकारें भी पहले ही पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान कर चुकी थीं। उसके बाद पंजाब तथा तमिलनाडु की विपक्षी सरकारों ने भी पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान कर दिया है। पुरानी पेंशन की बहाली का मुद्दा भले ही हिमाचल जैसे छोटे पर्वतीय राज्य में चुनावी लिहाज से निर्णायक नहीं हो, फिर भी इतना तय है कि राजनीतिक पार्टियों के लिए और खास तौर पर विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के लिए अब पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को अनदेखा करना मुश्किल होगा।

जाहिर है कि यह कोई संयोग ही नहीं है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों, समाजवादी पार्टी और बसपा, दोनों ने ही अपनी सरकार आने पर पुरानी पेंशन की बहाली का वचन दे दिया है, लेकिन पुरानी पेंशन में ऐसा क्या है, जो कमोबेश एक राय से देशभर के सरकारी कर्मचारी उसकी बहाली के लिए जोर लगा रहे हैं? दूसरी ओर, नई पेंशन में ऐसा क्या है, जो अपने चुनावी हितों के लिए चिर-सन्नद्ध भाजपा की मोदी सरकार, इस एक पूरे वर्ग की नाराजगी के बावजूद, नई पेंशन व्यवस्था को जारी रखने पर ही नहीं अड़ी हुई है, इस पर भी बजिद है कि पुरानी पेंशन को बहाल करने का फैसला ले चुकीं करीब आधा दर्जन राज्य सरकारें भी पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल नहीं कर पाएं। इसके लिए केंद्र सरकार ने अपना सबसे बड़ा हथियार इसकी जिद को बनाया है कि नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत अब तक पुरानी पेंशन में संक्रमण चाहने वाले राज्यों के कर्मचारियों के पेंशन खातों में जो धन जमा हो गया है, उसे पुरानी पेंशन चालू करने के लिए, राज्यों को नहीं दिया जा सकता है। इसमें केंद्र सरकार ने कितना कुछ दांव पर लगा दिया है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के ताजा अभिभाषण पर बहस के अपने जवाब में भी इशारतन पुरानी पेंशन योजना का समर्थन करने वाली सरकारों की यह कहकर आलोचना की थी कि उन्हें सोचना चाहिए कि कहीं वे आने वाली पीढियों पर असह्य बोझ तो नहीं डालने जा रही हैं!

तो क्या पुरानी पेंशन पर लौटना वाकई आज की पीढ़ी को खुश करने के लिए, आने वाली पीढियों के भविष्य को अंधकारपूर्ण बनाने का मामला है? इस सवाल से स्वाभाविक रूप से सवाल निकलता है-जब पुरानी पेंशन अपनाई गई थी, तब किसी को अहसास नहीं हुआ कि ऐसी पेंशन आने वाली पीढियों के भविष्य को अंधेरा करने जा रही है? पुरानी पेंशन व्यवस्था कहकर जिस तरह की व्यवस्था को अब नई व्यवस्था के करीब दो दशक के अनुभव के बाद लगभग सभी कर्मचारी वापस देखना चाहते हैं वह मूल रूप में तो स्वतंत्रता से भी पहले से चली आ रही थी। हां! स्वतंत्रता के बाद इसका काफी विस्तार जरूर हुआ था, लेकिन तब इसमें किसी को वैसे आर्थिक तबाही के बीज क्यों नहीं दिखाई दिए थे, जैसे आज सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक जैसी वैश्विक वित्तीय एजेंसियां दिखाना चाहती हैं? इस सवाल का जवाब वास्तव में मुश्किल नहीं है। जवाब विकास की उस नवउदारवादी संकल्पना में मिलेगा, जो हमारे देश में पिछली सदी के आखिरी दशक के आरंभ में विधिवत अपनाई गई थी और जिसे निजीकरण, वीकरण तथा उदारीकरण के त्रिशूल के बल पर, उसके बाद से ही लगातार आगे बढ़ाया जाता रहा है।




**पश्चिमी पूंजीवादी दुनिया में इसकी शुरुआत और डेढ़-दो दशक पहले ही हो चुकी थी। इस नवउदारवादी संकल्पना का केंद्रीय सूत्र एक ही है। उत्पादन की लागत में मजदूरी का हिस्सा उत्तरोत्तर घटाते रहा जाए ताकि उत्पाद में अतिरिक्त मूल्य या पूंजीपति के मुनाफे का, हिस्सा ज्यादा से ज्यादा हो सके। ऊंची वृद्धि दर और अभूतपूर्व तेजी से विकास की सारी लफ्फाजी अपनी जगह, नवउदारवादी रास्ते का सार यही है। इसी का नतीजा है कि सेवानिवृत्ति के बाद समुचित पेंशन की समुचित व्यवस्था को, जिसे आजादी के बाद कई दशक तक एक स्वाभाविक व्यवस्था समझा जाता था, पहले असह्य बोझ बनाया गया और अब तो उसकी मांग को, एक प्रकार से अपराध ही बना दिया गया है। बेशक, पेंशन की समुचित व्यवस्था पूंजीवादी व्यवस्था में खुद-ब-खुद विकसित हो गई हो। आठ घंटे के काम के दिन और हफ्ते में एक दिन की छुट्टी जैसी श्रम का अंधाधुंध दोहन करने पर अंकुश लगाने वाली अन्य व्यवस्थाओं की तरह ही सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की व्यवस्था भी मेहनतकशों के लंबे और कठिन संघर्ष के फलस्वरूप व्यापक रूप से अपनाई गई थी।**

पश्चिमी पूंजीवादी दुनिया में इसकी शुरुआत और डेढ़-दो दशक पहले ही हो चुकी थी। इस नवउदारवादी संकल्पना का केंद्रीय सूत्र एक ही है। उत्पादन की लागत में मजदूरी का हिस्सा उत्तरोत्तर घटाते रहा जाए ताकि उत्पाद में अतिरिक्त मूल्य या पूंजीपति के मुनाफे का, हिस्सा ज्यादा से ज्यादा हो सके। ऊंची वृद्धि दर और अभूतपूर्व तेजी से विकास की सारी लफ्फाजी अपनी जगह, नवउदारवादी रास्ते का सार यही है। इसी का नतीजा है कि सेवानिवृत्ति के बाद समुचित पेंशन की समुचित व्यवस्था को, जिसे आजादी के बाद कई दशक तक एक स्वाभाविक व्यवस्था समझा जाता था, पहले असह्य बोझ बनाया गया और अब तो उसकी मांग को, एक प्रकार से अपराध ही बना दिया गया है। बेशक, पेंशन की समुचित व्यवस्था पूंजीवादी व्यवस्था में खुद-ब-खुद विकसित हो गई हो। आठ घंटे के काम के दिन और हफ्ते में एक दिन की टुट्टी जैसी श्रम का अंधाधुंध दोहन करने पर अंकुश लगाने वाली अन्य व्यवस्थाओं की तरह ही सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की व्यवस्था भी मेहनतकशों के लंबे और कठिन संघर्ष के फलस्वरूप व्यापक रूप से अपनाई गई थी।

इन संघर्ष में, पहले विश्व युद्ध के बाद के दौर में सोवियत संघ में मजदूरों के नेतृत्व में क्रांतिकारी बदलाव और दूसरे विश्व युद्ध के बाद, एक प्रभावशाली समाजवादी शिविर का उदय भी शामिल था, जिसके दबाव में व्यापक पैमाने पर निरुपनिवेशीकरण ही नहीं हुआ था, खुद विकसित पूंजीवादी दुनिया में कल्याणकारी राज्य का मडल स्वीकार किया गया था, जो मेहनतकशों के अधिकारों को बढ़ाता था। अचरज नहीं कि इस सदी के पहले दशक के पूर्वार्ध में शुरू हुई नई पेंशन योजना के करीब दो दशक के अनुभव से कर्मचारियों ने अच्छी तरह समझ लिया है कि यह नई पेंशन योजना की जगह, एक तरह से पेंशन नहीं योजना ही है। फिर हंगामा क्यों न बरपा हो।

# रूमेटाइड अर्थराइटिस: जानिए इस रोग के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

रूमेटाइड अर्थराइटिस एक अटोइम्यून बीमारी है। इससे ग्रस्त व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है और शरीर के जोड़ वाले हिस्सों में सूजन के साथ तेज दर्द शुरू हो जाता है। ऐसे में समय रहते इस बीमारी का उपचार जरूरी है, लेकिन इससे जुड़ी पूरी जानकारी के बिना यह संभव नहीं है। आइए आज रूमेटाइड अर्थराइटिस होने के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में जानते हैं।

**क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस के कारण?**

रूमेटाइड अर्थराइटिस शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के स्वस्थ शरीर के ऊतकों पर हमला करने का परिणाम है। इसी तरह आनुवांशिकता और धूम्रपान भी इस बीमारी का जोखिम बढ़ा सकते हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग सिगरेट पीते हैं उनमें रूमेटाइड अर्थराइटिस विकसित होने का खतरा बहुत अधिक बढ़ जाता है। इसी तरह मोटापा और गलत आहार के कारण भी रूमेटाइड अर्थराइटिस की चपेट में आने की आशंका बढ़ जाती है।

**क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस से जुड़े लक्षण?**

रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण आमतौर पर हाथों, कलाई और घुटनों के जोड़ों को प्रभावित करते हैं, लेकिन फेफड़े, हृदय, आंखों सहित पूरे शरीर के ऊतकों और अंगों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। जोड़ो में दर्द, अकडन, सूजन, थकान, भूख में कमी, कमजोरी इस बीमारी के मुख्य लक्षण हैं। लक्षण हल्के से गंभीर तक भिन्न हो सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने लक्षणों को नजरअंदाज न करें।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस का पता लगाने के तरीके**

अगर किसी व्यक्ति को रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण नजर आते हैं तो उसे तत्काल डक्टर से संपर्क करना चाहिए। इससे वह कुछ जांच कराकर बता सकते हैं कि आपको यह बीमारी है या नहीं। इसके लिए डक्टर उसे एक्स-रे और एमआरआई स्कैन कराने को कह सकता है। अगर डक्टर को व्यक्ति में रूमेटाइड अर्थराइटिस होने की संभावना दिखाई देती है तो वह उसे ईएसआर टेस्ट, सीआरपी टेस्ट और एंटी-सीसीपी टेस्ट कराने की भी सलाह दे सकता है।

क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस से जुड़े लक्षण?
रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण आमतौर पर हाथों, कलाई और घुटनों के जोड़ों को प्रभावित करते हैं, लेकिन फेफड़े, हृदय, आंखों सहित पूरे शरीर के ऊतकों और अंगों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। जोड़ो में दर्द, अकडन, सूजन, थकान, भूख में कमी, कमजोरी इस बीमारी के मुख्य लक्षण हैं। लक्षण हल्के से गंभीर तक भिन्न हो सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने लक्षणों को नजरअंदाज न करें।
रूमेटाइड अर्थराइटिस का पता लगाने के तरीके
अगर किसी व्यक्ति को रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण नजर आते हैं तो उसे तत्काल डक्टर से संपर्क करना चाहिए। इससे वह कुछ जांच कराकर बता सकते हैं कि आपको यह बीमारी है या नहीं। इसके लिए डक्टर उसे एक्स-रे और एमआ-रआई स्कैन कराने को कह सकता है। अगर डक्टर को व्यक्ति में रूमेटाइड अर्थराइटिस होने की संभावना दिखाई देती है तो वह उसे ईएसआर टेस्ट, सीआरपी टेस्ट और एंटी- सीसीपी टेस्ट कराने की भी सलाह दे सकता है।

**क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस का इलाज?**

रूमेटाइड अर्थराइटिस का इलाज दो तरह (दवा और सर्जरी) से किया जा सकता है। दवारू दर्द और सूजन को कम करने, जोड़ों की प्रक्रिया में सुधार करने और जोड़ों के खराब होने के जोखिम को दूर करने के लिए डक्टर कुछ खास दवाएं दे सकते हैं। सर्जरीरू अगर समस्या गंभीर हो जाती है तो डक्टर सर्जरी कराने की भी सलाह दे सकते हैं। इसमें जइंट रिप्लेसमेंट आदि प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है।

# उठी आवाजें महत्वपूर्ण हैं

वर्तमान भारत सरकार आलोचनाओं की चिंता नहीं करती। लेकिन अब उसकी प्रेस पर छापामारी जैसी कार्रवाइयां व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर रही हैं, तो ऐसे विरोध से वह पूरी तरह अप्रभावित बनी रहेगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है।

प्रेस फ्रीडम के बारे में जब अगली इंडेक्स रिपोर्ट आएगी, तब भारत सरकार उसे फिर चुनौती देगी, यह अनुमान लगाया जा सकता है। तब कहा जाएगा कि यह भारत की गलत समझ पर आधारित है। यह भी कहा जाएगा कि भारत एक लोकतंत्र है, जहां कानून का राज है। लेकिन किसी को यह टूट नहीं है कि वह भारतीय कानून का उल्लंघन करे। भले पश्चिमी सरकारें भारत में बनी स्थिति को नजरअंदाज किए रहे, लेकिन विश्व जनमत इस तर्क को पहले की तरह ही अस्वीकार करेगा, यह भी तय है। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर आयकर विभाग के कथित सर्वे की खबर ने वैश्विक मीडिया अधिकार और मानव अधिकार संगठनों को झकझोरा है। मसलन, इन प्रतिक्रियाओं पर गौर कीजिए। न्यूयर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने भारत सरकार से पत्रकारों को परेशान ना करने का आग्रह किया है। रिपोर्टर्स बिदाउट बर्डर्स (आरएसएफ) ने इस कार्यवाही को भारत सरकार की किसी भी आलोचना को चुप कराने का प्रयास बताते हुए छापे की निंदा की है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि ये छापे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर अपमान हैं। एमनेस्टी ने ध्यान दिलाया है कि पिछले साल टैक्स अधिकारियों ने कई एनजीओ के दफ्तरों पर छापा मारा था, जिनमें अक्सफैम इंडिया सहित कई गैर सरकारी संगठन शामिल थें। एमनेस्टी के भारत स्थित दफ्तर को बंद कराया जा चुका है। वैसे भारत में भी इस कार्रवाई की कम आलोचना नहीं हुआ है। एडिटर्स गिल्ड अफ इंडिया ने आयकर विभाग के सर्वे पर चिंता जताई है, तो प्रेस क्लब अफ इंडिया, मुंबई पत्रकार संघ आदि जैसे संगठनों ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने भी इसे सीधे तौर पर आलोचना को दबाने की कार्रवाई बताया है। जाहिर है, वर्तमान भारत सरकार ऐसी टिप्पणियों की चिंता नहीं करती। अभी वह अपनी सत्ता को इतनी सुरक्षित मानती है कि जो लोग उसके समर्थक नहीं है, उनके बीच अपनी छवि की चिंता उसे नहीं होती। लेकिन अब जबकि ऐसी कार्रवाइयां व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर रही हैं, तो ऐसे विरोध से वह पूरी तरह अप्रभावित रहेगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है।

# मुद्दा: बरकरार रहे खाकी की धमक

**डा.भीम सिंह भवेश**

देशभर से पुलिसवालों पर हमला करने की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती रहती है।खाकी के रूतबे को कमजोर करने की ऐसी वारदात कमोबेश सभी राज्यों का मसला है, मगर बिहार में हाल के वर्षो में खाकी के प्रति हिंसक हो जाने की प्रवृत्ति ज्यादा तेज हो चली है। विशेष कर शराबबंदी और अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने गई पुलिस बदमाशों के सीधे निशाने पर है। दरअसल, बदमाशों में खत्म होती खाकी की धमक का सीधा असर पुलिस की साख पर देखने को मिल रहा है।



नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार में पूरे देश में पुलिस और सरकारी अधिकारियों पर भीड़ या असमाजिक तत्वों के हमले के मामले दर्ज हुए, जिनमें सर्वाधिक कांड बिहार में, मध्य प्रदेश और कांड तेलंगाना में दर्ज हुए। इसी तरह के कुल मामलों में बिहार में दर्ज हुए थे। आखिर पुलिस पर हमला हाल के दिनों में क्यों बढ़ा है? डेढ़ दशक पहले तक पुलिस की तो छोडिघ्ए गांव के चौकीदार को देख कर अपराधी भाग खड़े होते थे, लेकिन आज के हालात बिल्कुल बदल गए हैं। बदमाश सरेआम थाने पर हमला कर अपने साथियों को टुड़ा ले जाते हैं। इस बदलाव का प्रमुख कारण राजनीति में अपराधियों की तेजी से बढ़ी घुसपैठ है। यह घटनाएं तो बदमाशों में खाकी के खत्म होते खौफ की बानगी भर हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो सरकार ने खुद विधानसभा में ( वर्ष ) एक सवाल के जवाब में स्वीकार किया था कि पुलिस पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं। बिहार की बात करें तो हाल में अररिया जिले के फारबिसगंज, पटना में राजीव नगर, बक्सर के चौसा सहित समस्तीपुर, छपरा, हाजीपुर, बांका एवं कटिहार जिलों जिलों में पुलिस पर हमले हुए हैं। कहीं-कहीं पुलिस के हथियार छीनने के प्रयास किए गए। सवाल है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सहित विधि-व्यवस्था एवं विशेष परिस्थितियों की जिम्मेदारी संभाल रही पुलिस के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? बिहार में पुलिस पर ज्यादातर हमले अवैध शराब एवं बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी सहित अपराधियों की गिरफ्तारी के दरमियान घट रही हैं। कभी अनायास दुर्घटना विशेष पर भी स्थिति भयावह हो जाती है। इन घटनाओं के नेपथ्य में जाना होगा। बिहार में शराब प्रतिबंधित है। कुछ लोग देसी शराब निर्माण एवं बिक्री के धंधे में पीढियों से परंपरागत रूप से जुड़े हुए हैं। कुछ लोग शराबबंदी के बाद कम समय और कम पूंजी में अधिक मुनाफा की होड़ में इस धंधे को आत्मसात कर लिये हैं। हाल के दशकों में बालू व्यवसाय में तुरंत अमीर बनने के लालच में बड़ा समूह लग गया है। धनवान बनने की राह में जब पुलिस रोड़ा बनती है तो ये लोग उनसे भी खौफ नहीं खाते हैं। अमूमन घटनाओं में पुलिस पर हमला की शुरु आत प्रतिरोध से होता है, जिसे पुलिस अपने कुशल रणनीति से निबट भी सकती है। पुलिस की प्रति हाल के वर्षो में बदली है। पहले पुलिस फोर्स थी, लेकिन आज पुलिस सेवा के रूप में देखी जा रही है।

मामला अपराध का हो या विषम परिस्थिति में सहयोग का, आम से लेकर खास तक की निगाहें उसपर टिक जाती हैं, मगर अफसोस की बात है कि आमजन की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाली खाकी खुद भी सुरक्षित नहीं है। कभी-कभी त्वरित घटना के आकलन का पुलिस के पास वक्त भी नहीं होता। वैसे पुलिस से वर्तमान दौर में अनावश्यक बल प्रयोग की अपेक्षा उचित नहीं है। हां, इस मामले में लीडरशिप भी एक प्रमुख कारक है। घटनाओं के विश्लेषण में राजनीतिक और प्रशासनिक लीडरशीप काफी मायने रखती है। दूसरी तरफ पुलिस को बदलते दौर में अपनी रणनीति पर भी विचार करना होगा। पुलिस को हर क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए पब्लिक-पुलिस दोस्ती के धागे को मजबूत बनाना होगा, क्योंकि अब अंग्रेजी राज नहीं रहा, जो लाल टोपी देख लोग घरों में घुस जाएंगे। पुलिस की मानसिक स्थिति पर लगातार चोट पहुंचाया जा रहा है, इसपर भी गौर फरमाना होगा।

वैसे खाकी के इकबाल को केवल बदमाश ही चुनौती नहीं दे रहे हैं। महकमे के भीतर भी पुलिसवालों की साख को कमजोर करने का खेल चलता है। मसलनय हाल ही में एक एएसपी द्वारा अपने मातहत सिपाहियों से मसाज कराने की घटना निचले क्रम के अधिकारियों के मनोबल को नुकसान ही पहुंचाएगी। कई बार नेताओं द्वारा वर्दी उतरवाने की धमकी से भी पुलिस मनोबल खोती है। अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध कारोबारों पर छापेमारी तथा दर्ज मामलों की गहराई एवं पारदर्शिता के साथ अनुसंधान में लगी पुलिस बल को अगर स्वयं प्रताडना के दौर से गुजरना पड़े तो यह सिस्टम के लिए ठीक नहीं है। ऐसी स्थिति में पुलिस के लिए बेस्ट लीडरशिप, बुनियादी एवं तकनीकी सुविधाएं, मनोवैज्ञानिक प्रोत्साहन, प्रपर प्रिपेरेशन और बदलते परिवेश के अनुरूप प्रशिक्षण अत्यावश्यक है।

हां, खाकी पर हमला करने वालों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल से सजा दिलाई जाए तभीबदमाशों में खाकी का खौफ रहेगा।

# गुलाब के डंठल से स्वास्थ्य को मिल सकते हैं ये प्रमुख लाभ

अमूमन लोग गुलाब की पंखुडियों का इस्तेमाल करके इसके डंठल को दें क देते हैं, लेकिन यह फूल का एक गुणकारी हिस्सा है। गुलाब का डंठल एंटीअक्सीडेंट, विटामिन- सी, फिनोल, लाइकोपीन और एलेगिक एसिड से भरपूर होता है। अगर आप इसे किसी भी तरह से अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो यह कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। आइए आज गुलाब के डंठल के पांच प्रमुख फायदे जानते हैं।

**केंसर से सुरक्षित रखने में है सहायक**विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, गुलाब के डंठल का अर्क स्तन केंसर की कोशिकाओं के विकास पर रोक लगा सकता है। डंठल से निकालने की उच्चतम सांद्रता स्तन केंसर कोशिकाओं के विकास को प्रतिशत तक कम कर देती है। इसके अतिरिक्त, यह मस्तिष्क केंसर को रोकने में भी सहायक है। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक, गुलाब के डंठल में मौजूद फाइटोकेमिकल्स मानव शरीर को कई अन्य केंसर से बचाने में भी सहायक है।

**हृदय को स्वस्थ रखने में मददगार** कई विटामिन्स, फाइटोकेमिकल्स और खनिजों से भरपूर गुलाब के डंठल का सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद एंथोसायनिन हृदय रोग से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। इसी तरह इसमें मौजूद कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रल की अक्सीकरण प्रक्रिया को भी प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, एंथोसायनिन अच्टे कोलेस्ट्रल के स्तर को बढ़ाने और खराब कोलेस्ट्रल के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकता है।

**अर्थराइटिस का जोखिम कर सकता है कम**एक अध्ययन के मुताबिक, गुलाब के डंठल के पाउडर ने लगभग अस्टियोआर्थराइटिस रोगियों के कूल्हों, जोड़ों और घुटनों में लगभग एक तिहाई दर्द कम किया। इसका कारण है कि इसमें फैटी एसिड जीओपीओ होता है, जो एंटी-अर्थराइटिस गुण की तरह काम अर्थराइटिस के जोखिम कम करने में मदद कर सकता है। अगर आपको रूमेटाइड अर्थराइटिस है तो भी यह आपके लिए सुरक्षित और फायदेमंद है।

**पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में प्रभावी**गुलाब का डंठल पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में भी सहायक है। कई अध्ययनों के मुताबिक, यह पाचन क्रिया से जुड़ी समस्याओं जैसे, गैस, सूजन, कब्ज और अपच आदि का इलाज करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह मतली और पेट की ऐंठन से भी राहत प्रदान कर सकता है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पेट के अल्सर के इलाज में भी मददगार हैं।

**मधुमेह को नियंत्रित करने में है कारगर**

गुलाब के डंठल में मौजूद एंटी-डायबिटीक गुण इसे मधुमेह रोगियों को अपनी डाइट में शामिल करने के लिए उपयुक्त बनाता है। इसमें सैपोनिन, टैनिन, फ्लेवोनोइड्स और अल्कलइड समेत फाइटोकेमिकल्स की अधिक मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर को कम करके मधुमेह को नियंत्रित रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह टाइप मधुमेह का जोखिम कम करने में भी सहायक है।

# क्या 2050 तक मालदीव से मुंबई तक डूबेंगे!

**नई दिल्ली , एजेंसी।** फरवरी का महीना अभी खत्म भी नहीं हुआ है लेकिन गर्मी का पारा चढ़ना शुरू हो गया है। कई शहरों में तापमान 26 से 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसी बीच जलवायु परिवर्तन को लेकर आईं दो रिपोर्ट चर्चा में हैं। इनमें ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की चेतावनी दी गई है। इनकी मानें तो आने वाले 27 वर्षों में मालदीव जैसे देश शायद दुनिया के नक्शे पर दिखाई नहीं दें। वहीं, भारत में चेन्नई और मुंबई जैसे तटीय शहरों के समुद्र में समाने का भी खतरा है।




इन दिनों मौसम में नाटकीय बदलाव देखा जा रहा है। जनवरी में काफी ठंड पड़ने के बावजूद इस महीने असामान्य रूप से गर्मी शुरू हो गई है। पिछले हफ्ते के तापमान की बात करें तो 16 फरवरी को गुजरात के भुज में अधिकतम तापमान 403 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसने 19 फरवरी, 2017 से 390 डिग्री सेल्सियस के अपने पिछले रिकर्ड को तोड़ दिया। इसी तरह गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के विभिन्न अन्य क्षेत्रों में दिन का तापमान सामान्य से छह से नौ डिग्री सेल्सियस अधिक और अब तक के उच्चतम स्तर के करीब नापा गया है।

उधर भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कोंकण और कच्छ क्षेत्रों के लिए अपना पहला हीटवेव अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि, यह अलर्ट सामान्य से बहुत पहले आया है, क्योंकि हीटवेव अलर्ट आमतौर पर मार्च में शुरू होते हैं। इसका सीधा मतलब है कि आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी।

फरवरी के महीने में देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ती गर्मी के दो अहम कारण हैं। पहला बड़ा कारण है पश्चिमी विक्षोभ। भारत में सर्दी पश्चिमी विक्षोभ की आवृत्ति पर ज्यादातर निर्भर होती है। इनकी वजह से ही पहाड़ियों पर हिमपात होता है और मैदानी इलाकों में वर्षा होती है। इन गतिविधियों से मौसम में ठंडक आती है और नम मौसम के कारण तापमान सामान्य बना रहता है। इस साल जनवरी में हिमालय के ऊपर से गुजरने वाले पश्चिमी विक्षोभ कमजोर रहे लिहाजा मौसम शुष्क रहा है। लगातार मौसम शुष्क होने से तापमान बढ़ता जाता है।

जल्दी गर्मी आने का दूसरा सबसे प्रमुख कारण एंटी साइक्लोन है। गुजरात में जो एंटी साइक्लोन आमतौर पर मध्य अप्रैल के आसपास बनता था, वह इस बार जल्दी बन गया है। इसके कारण ही वसंत को अभी से ही गर्मियों में बदलते देख रहे हैं। इस साल भारत में एंटी-साइक्लोन का पहला उदाहरण फरवरी की शुरुआत में देखा गया जो बीते तीन वर्षों में और मजबूत हुआ है। एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन का मतलब असल में हवा का बिखरना होता है। नाम के मुताबिक ही एंटी-साइक्लोन में हवा की दिशाएं साइक्लोनिक हवाओं की दिशा के विपरीत होती हैं। साइक्लोनिक सर्कुलेशन में कम दबाव (लो प्रेशर) का क्षेत्र बनता है और हवाएं आपस में मिलकर उठती हैं। वहीं, एंटी-साइक्लोनिक साइक्लोनिक सर्कुलेशन में उच्च दाब (हाई-प्रेशर) एरिया बनता है जिसमें हवाएं बिरखती हैं और नीचे गिरती हैं। एंटी साइक्लोन के बीच के हिस्से में हाई-प्रेशर के चलते एक तेज हवा का ब्लास्ट ऊपर से नीचे की तरफ होता है और गर्म हवाएं नीचे आती हैं। हवा पर दबाव ज्यादा होने की वजह से वह और गर्म होती है और उसकी नमी भी कम होती है।जलवायु परिवर्तन से जुड़ी एक रिपोर्ट आई है जिसमें कहा गया है कि विश्व में 50 राज्यों में मानव निर्मित ढांचे को सर्वाधिक जोखिम है। क्रस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (एक्सडीआई) द्वारा बनाई गई रिपोर्ट में भारत के नौ राज्यों में मानव निर्मित ढांचे को जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा खतरा बताया गया है। ये राज्य दुनिया के 50 सर्वाधिक जोखिम वाले राज्यों में शुमार हुए हैं। पाकिस्तान में हाल में आई बाढ़ से हुई तबाही को इस जोखिम का एक उदाहरण बताया गया है। भारत के यूपी, बिहार, पंजाब, उत्तराखण्ड समेत 14 राज्यों को भी ऐसे खतरों की जद में रखा गया है।एक्सडीआई ने दुनिया के 2,600 राज्यों व प्रांतों को कवर कर यह रिपोर्ट साल 2050 को ध्यान में रखते हुए बनाई है। रिपोर्ट में मानव गतिविधियों और घरों से लेकर इमारतों तक यानी मानव निर्मित पर्यावरण को जलवायु परिवर्तन व मौसम के चरम हालात से नुकसान के पूर्वानुमान का प्रयास हुआ है। इसी आधार पर रैंकिंग की गई। यहां बाढ़, जंगलों की आग, लू, समुद्र सतह के बढ़ने जैसे खतरे बढ़ने का इशारा किया गया है।

## इंडिगो की नई उड़ानें शुरू : मुंबई-सिलचर, दिल्ली-ईटानगर के लोगों को मिलेंगी सुविधा

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत की अग्रणी विमान कंपनी इंडिगो ने दो मार्च से मुंबई-सिलचर और दिल्ली-ईटानगर के बीच कोलकाता के रास्ते नयी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है।

इन उड़ानों का उद्देश्य घरेलू संपर्क को मजबूत करना और ग्राहकों को बढ़े हुए उड़ान विकल्पों की पेशकश करना है। मुंबई-सिलचर के बीच नया कनेक्शन हवाई यात्रा के समय को आधा कर देगा।

इंडिगो के ग्लोबल हेड (सेल्स) विनय मल्होत्रा ने कहा,घरेलू पहुंच बढ़ाने के अपने दृष्टिकोण के तहत, हमने कोलकाता के रास्ते बम्बे-सिलचर और दिल्ली-ईटानगर के बीच नए कनेक्शन पेश किए हैं। इन गंतव्यों के लिए यात्रा की बढ़ती मांग के जवाब में इन उड़ानों को जोड़ा गया है।

मल्होत्रा ने कहा कि हमें विश्वास है कि इन कनेक्शनों के शुरू होने से कई ग्राहकों को लाभ होगा, विशेष रूप से गर्मी का मौसम आ रहा है। हम घरेलू कनेक्टिविटी बढ़ाने और हमारे विस्तृत नेटवर्क में सस्ती यात्रा का अनुभव, विनम्र, समय पर, परेशानी मुक्त और प्रदान करने के अपने वादे पर खरा उतरने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

श्शांति के द्वीप के रूप में भी जाने जाने वाले सिलचर असम के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। सिलचर अपने लुभावने दृश्यों, खेतों और चाय उत्पादों के कारण दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है।

कोलकाता के रास्ते मुंबई और सिलचर के बीच कनेक्टिविटी से शहरों में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। एक अन्य मार्ग जो पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने में मदद करेगा, कोलकाता के माध्यम से दिल्ली और ईटानगर के बीच नई कनेक्टिंग उड़ान है, जो पर्यटकों को इन स्थानों की यात्रा करने के विकल्प प्रदान करती है।

## बाइडेन के यूक्रेन दौरे से बौखलाए पुतिन

**मास्को , (एजेंसी)।** आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ अपने युद्ध के एक साल पूरा होने पर देश को संबोधित कर रहे हैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश को संबोधित करते हुए यूक्रेस से जारी जंग पर कहा कि हम इस समस्या को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे, हम शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत कर रहे थे, लेकिन हमारी पीठ पीटे एक बहुत ही अलग परिदृश्य तैयार किया जा रहा था। बात दें कि राष्ट्रपति पुतिन का ये बयान तब सामने आया है एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के यूक्रेन दौरे के लिए आये थे। इतना ही नहीं, पुतिन ने अपने वार्षिक संबोधन में पश्चिमी देशों के खिलाफ संघर्ष को भड़काने का आरोप लगाया।

पुतिन ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि हमारे लोगों की सुरक्षा अहम है और उससे समझौता नहीं कर सकते। इसके साथ ही नाटो देशों के दखल पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि नाटो का रूस में लगातार दखल बढ़ रहा है। पश्चिम देश अपनी ताकत में इजाफे के लिए यूक्रेन युद्ध को हवा दे रहे हैं। यूक्रेन ने भी हत्याओं को बढ़ावा दिया। यदि वह बातचीत की मेज पर आ जाता तो इतना नुकसान नहीं होना था। उन्होंने कहा कि रूस अपनी रक्षा करने में सक्षम है और वह पीटे नहीं हटेगा। हम कोई खून-खराबा नहीं चाहते हैं, लेकिन पश्चिम की ओर से ऐसे हालात पैदा किए जा रहे हैं।

## चीनी दूरसंचार उपकरण निर्माता जेडटीई ने कर्मचारियों की छंटनी की शुरू

**बीजिंग ,(एजेंसी)।** चीनी दूरसंचार उपकरण प्रदाता जेडटीई ने कथित तौर पर वायरलेस अनुसंधान संस्थानों, टर्मिनलों और अन्य कार्यक्षेत्रों सहित कई विभागों में छंटनी शुरू कर दी है। चाइना स्टार मार्केट की एक रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी के अंत से पहले कई कर्मचारियों को उनकी छंटनी के बारे में सूचित किया गया है।

जेडटीई के एक कर्मचारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा कि वायरलेस रिसर्च इंस्टीट्यूट के कुछ विभाग अपने कर्मचारियों के 10-20 प्रतिशत की टंटनी कर रहे हैं। इसके अलावा, टर्मिनल बिजनेस डिपार्टमेंट का भी टंटनी पर फोकस है।

नौकरी में कटौती का असर वरिष्ठ कर्मचारियों पर भी पड़ेगा जिन्होंने कंपनी के लिए 10 साल से अधिक समय तक काम किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने पिछले साल ज्यादा भर्तियों के चलते कर्मचारियों को बर्खास्त करने का फैसला लिया था। जेडटीई के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह हर साल की तरह श्सामान्य कर्मियों का समायोजन और फेरबदल है और इस साल कोई स्पष्ट बदलाव नहीं हुआ है। जेडटीई ने पिछले साल की पहली तीन तिमाहियों में 92559 अरब युआन (135 अरब डलर) की परिचालन आय दर्ज की, जो साल-दर-साल 1042 प्रतिशत अधिक थी। शुद्ध लाभ 682 अरब युआन था, जो साल-दर-साल 1652 प्रतिशत अधिक था। 17 फरवरी को, जेडटीई ने पर्यवेक्षकों के बोर्ड के अध्यक्ष की होल्डिंग को कम करने की योजना की घोषणा की।

## पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी

**कीव , (एजेंसी)।** पूर्वी यूक्रेन के कई क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। यह जानकारी यूक्रेन डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के अनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मानचित्र के अनुसार दी गई है। हमले की चेतावनी चेर्निहाइव, सुमी, पोल्टावा, चेर्कासी, निप्रपेट्रोस, किरोवोह्द और खार्किव क्षेत्रों के साथ-साथ रूस के जापोरिज्जिया, खेरसन क्षेत्रों और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के कीव नियंत्रित भागों में जारी की गईं।

## आयुष्मान योजना में धोखाधड़ी : जम्मू-कश्मीर के 13 अस्पतालों पर कार्रवाई

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) में धोखाधड़ी के लिए 13 अस्पतालों के पैनल से निलंबित कर दिया है और 17 अन्य पर भारी जुर्माना लगाया है। अधिकारियों ने कहा कि 2022 में फर्जी गतिविधियों में शामिल अस्पतालों पर 1.77 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें से 1.34 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एसएचए द्वारा अब तक वसूल की जा चुकी है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जिन अस्पतालों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा है, उनमें इब्न सिना अस्पताल पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया और निलंबित, क्वालिटी केयर अस्पताल पर 6.64 लाख रुपए, नारायणा अस्पताल पर 54.62 लाख रुपए का जुर्माना लगा, इसबी अस्पताल के पैनल को निलंबित और वसीम मेमोरियल अस्पताल को पैनल से निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा चनापोरा (श्रीनगर) के फ्लोरेंस अस्पताल पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, शादाब अस्पताल पर 22 लाख रुपए का जुर्माना, मोहम्मदिया अस्पताल पर 6 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया, सोनवार (श्रीनगर) के किडनी अस्पताल पर 18.72 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## इंडिगो की फ्लाइट में बम की अफवाह, लखनऊमें कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची (एजेंसी)।** दिल्ली से झारखंड के देवघर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। इसके बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग लखनऊ एयरपोर्ट पर कराई गई। सूचना के अफवाह निकलने पर एहतियात के तौर पर लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद मक ड्रिल भी किया गया। बताया जाता है कि लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट (अमौसी एयरपोर्ट) पर दोपहर 12रू20 बजे फ्लाइट की लैंडिंग के बाद उसे आइसोलेशन बे में ले जाया गया। हवाई अड्डे पर सुरक्षा खतरे का पता लगाने के लिए जांच की गई। लेकिन यह सूचना अफवाह निकली। जांच पूरी होने के बाद विमान को देवघर के लिए फिर रवाना किया गया।

## पाकिस्तान में ही बैठकर जावेद अख्तर ने सुनाई पाक को खरी-खोटी, ये बात सुनकर कंगना भी हो गई उनकी मुरीद

**लाहौर (एजेंसी), एजेंसी।** जावेद अख्तर ने पाकिस्तान में उर्दू शायर फैज अहमद फैज की याद में हो रहे एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लाहौर पहुंचे। इस दौरान अख्तर ने ऐसा बयान दे डाला कि जिसकी पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है।

अख्तर ने अपने बयान में कहा कि मुंबई हमले की साजिश रचने वाले यहां खुलेआम घूम रहे हैं। अख्तर के इस बयान से भारत ने काफी तारीफ की। गीतकार के खिलाफ बोलने वाली कंगना रनोत ने गीतकार जावेद अख्तर की जमकर तारीफ की व इससे जुड़ी हुई पोस्ट भी जारी की।

कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने अख्तर से पूछा कि




आप कई बार पाकिस्तान आ चुके हैं। जब आप वापस जाएंगे तो क्या अपने लोगों से कहेंगे कि पाकिस्तानी अच्छे लोग हैं। इस सवाल के जवाब में अख्तर ने कहा- हमें एक-दूसरे पर इल्जाम नहीं लगाना चाहिए। हमने देखा है कि मुंबई पर हमला कैसे हुआ। वो आतंकवादी नर्वे या इजिप्ट से नहीं आए थे। वो आतंकवादी आपके देश में ही खुलेआम घूम रहे हैं। हिंदुस्तानियों ने इसके खिलाफ शिकायत की है। उन्हें इससे परेशानी है।

अख्तर ने कार्यक्रम दौरान कहा कि हमने नुसरत फतेह अली खान और मेंहदी हसन के लिए हिंदुस्तान में बड़े-बड़े कार्यक्रम किए हैं। दूसरी ओर आपके देश में कभी भी लता मंगेशकर का कोई प्रोग्राम नहीं किया गया।

वहीं कंगना ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जब मैं जावेद साहब की कविता सुनती हूं तो लगता था कि ये कैसे मां सरस्वती जी की इन पर पा है, लेकिन देखो कुछ तो सच्चाई होती है इंसान में, तभी तो खुदाई होती है, उनके साथ में। कंगना को जावेद अख्तर की तारीफ करता देख कईयों को हैरानी भी हो रही है। क्योंकि जावेद अख्तर और कंगना रनौत के बीच सालों से विवाद चल रहा है। जिस तरह कंगना ने जावेद अख्तर संग अपने विवाद और गिले शिकवों को भुलाकर उनकी सराहना की है, यूजर्स ने इसकी तारीफ की है।

## सोनू निगम पर हमला - पुलिस ने विधायक के बेटे पर मामला दर्ज किया

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने बीती रात गायक सोनू निगम पर हमले के मामले में शिवसेना (यूबीटी) के विधायक प्रकाश फटरपेकर के बेटे स्वप्निल पी. फटरपेकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंडियन सिंगर्स राइट्स एसोसिएशन (आईएसआरए) ने इस घटना की निंदा की, जो एक सप्ताह में दूसरी सेल्फी संबंधी मामला के रूप में सामने आई। आईएसआरए के सीईओ संजय टंडन ने कहा कि सोमवार रात चेंबूर महोत्सव 2023 के बाद सोनू निगम और उनकी टीम पर हुए गंभीर हमले के बारे में जानकर उन्हें गहरा दुख हुआ है।

संजय टंडन ने आगे कहा कि इस घटना से देश के सभी गायक भयभीत और चिंतित हैं। हम महाराष्ट्र सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मामले को गंभीरता से लेने का अनुरोध करते हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि ऐसी घटना किसी भी गायकध्कलाकार के साथ दोबारा न हो।

इससे पहले मंगलवार को जोन पांच के पुलिस उपायुक्त हेमराजसिंह राजपूत ने कहा कि यह घटना उस समय हुई जब सोनू निगम सोमवार देर रात चेंबूर में एक संगीत कार्यक्रम से बाहर आ रहे थे।राजपूत ने कहा कि कंसर्ट के बाद सोनू निगम जब मंच से नीचे आ रहे थे तब स्वप्निल पी. फटरपेकर नाम के एक व्यक्ति ने उन्हें सेल्फी के लिए रोका। जब सोनू निगम ने इनकार कर दिया तो उन्होंने गायक और दो अन्य लोगों को धक्का दे दिया, जिसमें एक को चोट लगी। हमने इस घटना के लिए केवल एक आरोपी (स्वप्निल फटरपेकर) के खिलाफ मामला दर्ज किया। अन्य स्वयंसेवक निगम की मदद के लिए आए, जिन्हें वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया।

लंदन और मुंबई से एमबीए की डिग्री के साथ संस्कार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष स्वप्निल फटरपेकर रात करीब 11.30 कथित तौर पर सेल्फी लेने के लिए सोनू निगम के पीटे दौड़े, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। लेकिन इस दौरान धक्का-मुक्की हो गई।स्वप्निल फटरपेकर की बहन और महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुप्रदा फटरपेकर ने कहा कि जब कंसर्ट के बाद सोनू निगम को मंच से ले जाया जा रहा था, तो स्वप्निल ने उनके साथ एक सेल्फी लेने की कोशिश की।

## यूपी पर्यटन के तनावग्रस्त वरिष्ठ अधिकारी ने इमारत से लगाई छलांग

**मुंबई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने काम के तनाव के चलते उत्तर-पूर्वी मुंबई के तिलक नगर स्थित एक इमारत से छलांग लगा दी, पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिलकनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुनील काले ने बताया कि पीडिघ्त की पहचान 59 वर्षीय विमलेशकुमार बनारसीदास अदित्य के रूप में हुई है। घटना तारा गगन हाउसिंग 95-बी बिल्डिंग में सुबह करीब 8.15 बजे हुई।काले के मुताबिक, अदित्य ने इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी और गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसने दम तोड़ दिया।

## शादी के लिए पुरुषों और महिलाओं की उम्र नहीं होगी समान, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पुरुषों और महिलाओं के लिए विवाह की एक समान उम्र सुनिश्चित करने का निर्देश देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि वह ऐसा कानून बनाने के लिए संसद को परमादेश जारी नहीं कर सकता। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की भी खिंचाई करते हुए कहा रू हम यहां आपको या राजनीति के किसी भी वर्ग को खुश करने के लिए नहीं बैठे हैं। आप मुझे अनावश्यक टिप्पणियां मत दें। यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है .।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत को संसद के परम ज्ञान को टालना चाहिए और हमें खुद को कानून का अनन्य संरक्षक नहीं मानना चाहिए। संसद भी कानून का संरक्षक है। उपाध्याय ने कहा कि इस मामले में लैंगिक समानता से जुड़ा एक प्रश्न शामिल है और कानून के संरक्षक के रूप में अदालत को पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित करते हुए विसंगति को दूर करने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। पीठ में शामिल जस्टिस पीएस. नरसिम्हा और जेबी. पारदीवाला ने उपाध्याय को बताया कि हालांकि वह पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए शादी की उम्र 21 साल चाहते हैं, याचिका में प्रार्थना शादी की न्यूनतम उम्र को पूरी तरह से निर्धारित करने वाले प्रावधान को खत्म करने के लिए थी।

प्रधान न्यायाधीश ने उपाध्याय से कहा कि इस प्रावधान को खत्म करने से ऐसी स्थिति पैदा होगी, जब महिलाओं के लिए शादी की कोई न्यूनतम उम्र नहीं होगी।

पीठ ने जोर देकर कहा कि यह अनुच्टेद 32 के तहत घिसा-पिटा कानून है और वह कानून बनाने के लिए संसद को परमादेश जारी नहीं कर सकती और न ही कानून बना सकती है। उपाध्याय ने कहा कि चूंकि पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष करने के लिए संसद में एक कानून लाया गया है और विचार के लिए स्थायी समिति को भेजा गया है, इसलिए केंद्र सरकार से जवाब मांगा जाना चाहिए। हालांकि, उनकी दलीलें पीठ को राजी नहीं कर सकीं। सुनवाई के समापन पर उपाध्याय द्वारा की गई कुछ दलीलों से पीठ नाराज हो गई।

## सीएम शिंदे के गुट से मिली मौत की धमकी : संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने मंगलवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और ठाणे के सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा कथित रूप से सुपारी पर रखे गए हत्यारे से उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने मंगलवार को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय संभाल रहे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के संज्ञान में मामला लाया है। राउत, जो शिवसेना-यूबीटी के मुख्य प्रवक्ता भी हैं, उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में निर्वाचित प्रतिनिधियों पर धमकियों और हमलों में वृद्धि हुई है जो महाराष्ट्र की परंपराओं के विपरीत है।

उन्होंने कहा- राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद, मेरी पूरी सुरक्षा हटा ली गई है।

मुझे उस पर कोई शिकायत नहीं है। इस तरह के राजनीतिक फैसले होते रहते हैं। जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा राज्य सरकार से संबंधित है और गृह विभाग इसे संभालने में सक्षम है।

राउत ने तर्क दिया- फिर भी, मैं आपके ध्यान में एक गंभीर मुद्दा लाना चाहता हूं।

## मौत से लड़ रहे इकलौते बेटे का पैर भी कटा, सिर पर बेटी की शादी, सहारे की टूटी उम्मीद

**मेरठ (एजेंसी)** । इकलौता बेटा और बेटे से बुढ़ापे में सहारे की उम्मीद लगाए पिता महेश की उम्मीद अब टूटती दिखाई दे रही हैं। मेरठ में 11 फरवरी को हुए एक हादसे ने पूरे परिवार की खुशी को मातम में तब्दील कर दिया। जिस, बेटे से पिता उम्मीद लगाए बैठा था आज वही अस्पताल में जिंद्गी और मौत के बीच जूझ रहा है। हादसे में बेटे के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। जिस कारण चिकित्सकों ने एक पैर का कुछ हिस्सा काट दिया।

11 फरवरी को खरदौनी व महल के बीच में डस्ट से भरे एक ट्रक ने घोड़ा बुग्गी में टक्कर मार दी थी और दूर तक घसीटते हुए ले गया था। इस हादसे में सीताराम, तौफीक, अहजाद, नवेद की मौत हो गई थी। जबकि, रवि पुत्र महेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। रवि के पिता महेश तांगे पर गांव-गांव जाकर सब्जी बेचने का कार्य करते हैं। रवि अपने परिवार में इकलौता था। जबकि, उसकी एक बड़ी बहन व एक छोटी बहन है। हादसे में रवि के पैर बुरी तरह जख्मी हो गए थे और उसे मेडिकल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन, अभी तक रवि की तबियत में कोई सुधार नहीं है।

हादसे में रवि के दोनों पैर इस कदर जख्मी हो गए कि उसके पैरों का मांस खत्म हो गया और पैरों की हड्डी दिखने लगी। दो दिन पहले चिकित्सों ने उसके पैर का पंजा काट दिया। सोमवार को चिकित्सकों ने उल्टे पैर का ही कुछ हिस्सा ओर काट दिया। अभी चिकित्सक कुल जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। परिजनों के मुताबिक पैर इस कदर जख्मी हैं कि दोनों पैर काटे जा सकते हैं। रवि के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद पिता महेश ने 50 हजार रुपये कर्ज पर लेकर रवि का उपचार शुरू कराया। चिकित्सकों की मानें तो उपचार में 10 से 12 लाख रुपये का खर्च आएगा। ऐसे में पड़ोसी व मोहल्ले के लोग सहायता के लिए आगे आए और एक लाख रुपये चंदा इकट्ठा कर अस्पताल में जमा कराया। लेकिन इसके बाद भी रुपये पूरे नहीं हो सके।

हादसे के बाद मृतक व घायलों के बीच प्रशासन व जनप्रतिनिधि पहुंचे थे, लेकिन अब तक कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी। मृतकों के परिवार को सहायता की बात दूर रवि के परिवार को भी अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी।

पड़ोसियों ने बताया कि पिता सब्जी बेचकर व रवि शादी में जाकर पैसे इका। कर रहे थे। दरअसल, रवि की छोटी बहन की दो माह बाद शादी होनी है। ऐसे में पिता महेश के सामने बेटे के उपचार व बेटी की शादी को लेकर समस्या खड़ी है। पिता महेश ने बेटे रवि को बुढ़ापे का सहारा माना था। लेकिन, इस हादसे के बाद महेश पूरी तरह टूट चुका है। बेटे का पैर कटने के बाद से ही पिता महेश का बुरा हाल है।

# इन महिला खिलाड़ियों ने हासिल की टी–20 करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, लिस्ट में 2 भारतीय शामिल

नई दिल्ली, भारतीय महिला टीम ने 20 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले को डक्वर्थ नियम के अनुसार 5 रनों से अपने नाम किया। बता दें कि भारतीय टीम ने इस जीत के साथ ही टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है।

इसके बाद आईसीसी ने आज यानी 21 फरवरी को अपडेटेड आईसीसी महिला टी–20 रैंकिंग जारी की है, जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को फायदा हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने टी–20 करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है।

दरअसल, भारतीय महिला टीम ने आरलैंड के खिलाफ ग्रुप–बी के अपने आखिरी मुकाबले को डीएलएस मेथड के हिसाब से 5 रनों से जीत हासिल की। वहीं, टी–20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद आईसीसी महिला टी–20 रैंकिंग में ऋचा घोष और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को काफी फायदा मिला है।






ऋचा पहली बार बल्लेबाजों की महिला टी–20 रैंकिंग में शीर्ष–20 में पहुंच गई है। 20वें पायदान पर ऋचा 572 रेटिंग के साथ मौजूद है। इसके अलावा हरमनप्रीत कौर 13वें स्थान पर 598 रेटिंग के साथ है। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्ज 12वें स्थान, तो शेफाली वर्मा 10वें स्थान पर पहुंच गई है। स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर 731 रेटिंग के साथ विराजमान है।

बता दें कि 15 फरवरी 2023 को पाकिस्तान महिला क्रिकेटर मुनीबा अली ने आयरलैंड के खिलाफ 68 गेंदों में 102 रन बनाकर महिला टी20 में शतक बनाने वाली पहली पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गईं। इससे उन्हें फायदा हुआ, वह आईसीसी टी–20 रैंकिंग में दस पायदान ऊपर उठकर 64वें स्थान पर पहुंच गई, जो कि उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ है।

इसके अलावा अमेलिया केर, दुनिया के 13वें सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज बन गई हैं, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ मैच विनिंग 66 रन बनाकर टी–20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 16वां स्थान हासिल कर लिया है, जो अब तक का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह टी20 रैंकिंग में ऑलराउंडरों की सूची में नंबर 3 स्थान पर पहुंच गई है।अगर बात करें विमेंस टी–20 बॉलिंग रैंकिंग की तो रेणुका सिंह को अपने शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ। रेणुका पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। उनकी रेटिंग 711 है। बता दें कि रेणुका ने आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी शानदार गेंदबाजी से दो अहम विकेट चटकाए। वहीं, चौथे नंबर पर दीप्ति शर्मा 733 रेटिंग के साथ मौजूद है।

## एलन बॉर्डर ने दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की खराब बल्लेबाजी की आलोचना की



नई दिल्ली । महान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलन बॉर्डर ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की खराब बल्लेबाजी की आलोचना की। साथ ही कहा कि वह इस परिणाम से हैरान हैं। टेस्ट क्रिकेट की एक पारी (7/42) में रवींद्र जडेजा के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ों और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन मास्टरक्लास की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन दिनों के भीतर दूसरे टेस्ट में छह विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज में 2–0 की बढ़त बना ली।बॉर्डर ने फॉक्स क्रिकेट को बताया, मैं निराश हूं, मैं हैरान हूं, जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की है। उससे मैं नाराज हूं। ऑस्ट्रेलिया दूसरे टेस्ट में काफी बेहतर था, पहली पारी में प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाकर दूसरे दिन भारत को 139/7 होने से पहले। लेकिन अक्षर पटेल के 74 रन ने मैच का पासा बदल दिया, जिससे मेहमान को पहली पारी में सिर्फ एक रन की बढ़त मिली।तीसरे दिन, ऑस्ट्रेलिया 1/65 से 113 पर ऑल आउट हो गया, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू रेनशॉ और कप्तान पैट कमिंस के रूप में भारतीय स्पिनरों को स्वीप करने का प्रयास करना भारी पड़ा।उन्होंने कहा, यह खराब बल्लेबाजी थी। किसी ने अच्छी बल्लेबाजी करने की कोशिश नहीं की। वे हर गेंद पर स्वीप शॉट, रिवर्स स्वीप खेलते हुए बस आउट हो रहे थे।19 साल में पहली बार भारत में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी हासिल करने की ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों को लगातार दूसरी टेस्ट हार के बाद बड़ा झटका लगा।भारत ने चार मैचों की श्रृंखला में 2–0 की बढ़त बनाकर अरुण जेटली स्टेडियम में छह विकेट से जीत के साथ चौथी बार बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखा।सीरीज का तीसरा टेस्ट एक से पांच मार्च के बीच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में होगा।

## भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैच देखने स्टेडियम पहुंच सकते हैं पीएम नरेंद्र मोदी



अहमदाबादःभारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की सीरीज का चौथा व अंतिम टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला 9 मार्च से शुरू होगा।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट देखने के लिए अहमदाबाद के स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं। गुजराती जागरण के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ मैच का आनंद स्टेडियम में आकर उठा सकते हैं।

**टॉस से पहले स्टेडियम में माजूद रहेंगे**

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री सुबह 8:45 पर स्टेडियम में प्रवेश कर जाएंगे। साथ ही इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मैच में शिरकत करेंगे। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। उम्मीद यह भी की जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी टॉस से पहले ही स्टेडियम में पहुंच जाएंगे और अल्बनीज के साथ मैच का आनंद उठाएंगे।

भारत का अहमदाबाद में रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने 1983 से अहमदाबाद में कुल 14 टेस्ट खेले हैं। जिसमें से भारत ने 6 टेस्ट जीते, 2 हारे और 6 ड्रॉ रहे। गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में कभी टेस्ट नहीं खेला है। यहां दोनों देशों की पहली भिड़ंत होगी।


बता दें कि भारतीय टीम इस समय बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में 2–0 की बढ़त पर है। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट को एक पारी और 132 रन के विशाल अंतर से जीता।

## अंडर–21 महिला हॉकी लीग : पहले दिन साई, प्रीतम सिवाच की टीमों ने जीत दर्ज की

नई दिल्ली । भारतीय खेल प्राधिकरण और प्रीतम सिवाच अकादमी की टीमों ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में दूसरे खेलो इंडिया अंडर 21 महिला हॉकी लीग के पहले दिन अपने–अपने मैच जीते। पहले दिन खेले गए दो मैचों में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की टीम ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 13–0 से और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने हिम हॉकी अकादमी को 11–0 से हराया। इससे पहले, टूर्नामेंट में रविवार को हरबिंदर सिंह, अर्जुन अवार्डी और 1964 ओलंपिक (ट्रिपल ओलंपियन) के स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन अवार्डी और डबल ओलंपियन देवेश चौहान द्वारा ट्रॉफी के अनावरण के साथ किया गया था। हरबिंदर सिंह ने तीन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य भी हैं। दूसरे खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिला हॉकी लीग का आयोजन बहुत ही सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा, इन खेलो इंडिया लीग से आने वाले समय में देश को ऐसे होनहार खिलाड़ी मिलेंगे जो भारत के लिए खेलेंगे ।

# डब्ल्यूएफआई ने दूसरी रैंकिंग सीरीज के लिए 27 पहलवानों को मंजूरी दी

नई दिल्ली भारत के ग्रीको–रोमन पहलवान आशु ने इस महीने की शुरुआत में क्रोएशिया में आयोजित 2023 जाग्रेब ओपन में पुरुषों के 67 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। अब वह दूसरी रैंकिंग श्रृंखला 'इब्राहिम–मुस्तफा' टूर्नामेंट में भाग लेंगे तो उन्हें अधिक रैंकिंग अंक हासिल करने की उम्मीद होगी। आशु ग्रीको–रोमन पहलवान में भारत की शीर्ष उम्मीद है। उनको युवा मामलों और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) द्वारा गठित ओवरसाइट कमेटी द्वारा आगामी दूसरी रैंकिंग सीरीज 'इब्राहिम–मुस्तफा' टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टीम में शामिल किया गया।समिति ने इस आयोजन के लिए 27 पहलवानों सहित 43 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दे दी है, जो 23 से 26 फरवरी तक मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में होगा। सीनियर एशियाई चैंपियनशिप 2023 और



सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2023 में बेहतर सीडिंग के लिए रैंकिंग अंक हासिल करना महत्वपूर्ण होगा।

आशु ने कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में भारत का दूसरा पदक जीता है, जिसमें पहला पदक अंडर–23 विश्व चैंपियन अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में जीता है। कांस्य पदक के प्लेऑफ मैच में आशु ने लिथुआनियाई एडोमास ग्रिगलियुनस (5–0) को हराया।

भारतीय टीम में नौ फ्रीस्टाइल पहलवान, आठ महिला पहलवान और 10 ग्रीको–रोमन पहलवान के साथ 16 कोच और सहायक कर्मचारी शामिल हैं।27 पहलवानों में तीन टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) पहलवान भी शामिल होंगे। आशु (67 किग्रा जीआर), भटेरी (65 किग्रा डब्ल्यूडब्ल्यू) और सुजीत (65 किग्रा एफएस) शामिल हैं।एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सुषमा शौकीन को भी शामिल किया गया है, जबकि अन्य ग्रीको रोमन पहलवान मंजीत, अंकित गुलिया और नरिंदर चीमा को भी टीम में जगह मिली है।भारतीय टीम की भागीदारी के बारे में बात करते हुए ओलंपिक पदक विजेता और ओवरसाइट कमेटी की चेयरपर्सन एमसी मैरी कॉम ने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खेल और एथलीटों को नुकसान न हो और अधिक से अधिक पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले।

# फिल्मी सफर

## श्रद्धा आर्या ने कुंडली भाग्य वेडिंग सीक्वेंस के लिए अपना ब्राइडल लुक डिजाइन किया



टीवी अभिनेत्री श्रद्धा आर्या ने शो में शादी के सीक्वेंस के लिए ब्राइडल लुक पर काम करना कितना चुनौतीपूर्ण था, इस बारे में बात की। अभिनेत्री को पांच साल के लीप के बाद अर्जुन सूर्यवंशी से दूसरी बार शादी करते हुए दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रीता टीवी के सबसे पसंदीदा पात्रों में से एक है और मुझे उसे कहना है यात्रा बहुत ही अनोखी रही है।उन्होंने कहा कि शादी के लुक को और खास बनाने के लिए उन्होंने खुद लुक डिजाइन करने के बारे में सोचा।शो में लीप से पहले प्रीता (श्रद्धा आर्य) को करण लूथरा (धीरज धूपर) की पत्नी के रूप में दिखाया गया था। धीरज के शो छोड़ने के बाद शक्ति डेली सोप में शामिल हो गए और आने वाले एपिसोड में घरवालों को पता चल जाएगा कि वह करण ही हैं। हालांकि, अभी हर कोई उसे अर्जुन समझ रहा है और वह प्रीता से शादी कर रहा है।अभिनेत्री ने साझा किया कि अपने वेडिंग लुक पर काम करना कितना चुनौतीपूर्ण था और इसे पूरी तरह से अवधारणा बनाने के लिए उन्हें स्टाइलिस्टों के साथ घंटों बैठना पड़ा।स्टाइलिस्ट्स और क्रिएटिव टीम के साथ कुछ विचार–मंथन सत्रों के बाद, हम एक आकर्षक लुक के साथ आए और मुझे यकीन है कि सीक्वेंस हर किसी का ध्यान खींचेगा। मैंने एक एलिगेंट और थोड़ा एम्ब्रॉएडर्ड आउटफिट चुना और हालांकि यह भारी था, लेकिन फाइनली मुझे बहुत पसंद आया।श्रद्धा ने कहा कि हालांकि यह शो में उनकी पहली शादी नहीं होगी, लेकिन वह अभी भी शादी के सीक्वेंस और अपने लुक को लेकर उत्साहित हैं। कुंडली भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## इन कार के पोस्टर में बंदूक की नोक पर ऋ तिका सिंह

आगामी थ्रिलर फिल्म इन कार के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म के पहले पोस्टर का अनावरण किया। फिल्म, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री ऋ तिका सिंह हैं, सच्ची घटनाओं पर आधारित है और यह एक कॉलेज गर्ल की जीवन यात्रा को दिखाती है कि कैसे और किन परिस्थितियों में वो जिंदा रहने के लिए संघर्ष करती है।

दिलचस्प पोस्टर में ऋतिका सिंह, मनीष झांझोलिया, संदीप गोयत, सुनील सोनी और ज्ञान प्रकाश हैं। ऋतिका को एक कार के अंदर बैठे दिखाया गया है जिसमें उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। उसे बंदूक की नोक पर पकड़ कर रखा गया है।

2013 में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली ऋ तिका को निर्देशक सुधा कोंगारा प्रसाद ने सुपर फाइट लीग के एक विज्ञापन में देखा था।

## प्रियंका चोपड़ा की लव अगेन भारत में भी होगी रिलीज

प्रियंका चोपड़ा ने ना सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी सफलता का परचम लहराया है। जल्द ही वह कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। हॉलीवुड फिल्म लव अगेन उन्हीं में शुमार है। यह वही फिल्म है, जिसका नाम पहले टेक्स्ट फॉर यू रखा गया था। हाल ही में उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ और अब खबर है कि यह फिल्म भारत में भी रिलीज होगी।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर लव अगेन का पोस्टर साझा कर यह ऐलान किया। उन्होंने लिखा, प्रियंका की अगली हॉलीवुड फिल्म लव अगेन भारत में रिलीज होने वाली है। यह इस साल 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पोस्टर में प्रियंका के साथ फिल्म के हीरो सैम ह्यूगन दिख रहे हैं। फिल्म में कनाडाई



गायिका सेलिन डियोन के अलावा प्रियंका के पति निक जोनस भी हैं। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत सैम के किरदार रॉब से होती है, जो ब्रेकअप के गम से निकलने के लिए एक महिला की मदद लेता है, वहीं प्रियंका उर्फ मीरा भी अपने बॉयफ्रेंड के निधन के बाद जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। वह लगातार रॉब उर्फ सैम को यह सोचकर मैसेज करती है कि वो उसका पुराना नंबर है। रॉब, मीरा की ईमानदारी से प्रभावित होकर उसके प्यार में पड़ जाता है।

प्रियंका ने बीते दिन इंस्टाग्राम पर बताया कि लव अगेन का ट्रेलर आने वाला है, तभी से जिम स्ट्रॉस के निर्देशन में बनी उनकी इस फिल्म को लेकर प्रशंसक उतावले हो गए थे। फिल्म से जुड़े कलाकारों से तो सभी वाकिफ थे, लेकिन यह जानकारी किसी को नहीं थी कि इसमें प्रियंका के पति निक भी हैं। ट्रेलर में उन्हीं का सरप्राइज मिला है, जिन्हें देख लोग गदगद हो गए हैं। हालांकि, फिल्म में निक मेहमान भूमिका में हैं।प्रियंका अपनी पहली वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर भी सुर्खियों में हैं। एवेंजर्स एंडगेम के रूसो ब्रदर्स इसे बना रहे हैं। उनकी यह एक्शन पैक्ड सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाली है, लेकिन इसकी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। प्रियंका हॉलीवुड एक्शन फिल्म एंडिंग थिंग्स का भी हिस्सा हैं।

# सान्वी तलवार की 3 साल बाद टीवी पर वापसी

अभिनेत्री सान्वी तलवार तीन साल के अंतराल के बाद अली बाबाः दास्तान–ए–काबुल शो के साथ टीवी पर वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री को ओ गुजरिया, ये कहां आ गए हम, विक्रम बेताल की रहस्य गाथा, सूफियाना प्यार मेरा, कबूल है और कई अन्य शो में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उनका आखिरी शो चंद्र नंदिनी था। काम से अपने ब्रेक के बारे में बात करते हुए, सान्वी ने कहाः अपने आखिरी शो के बाद मैंने थिएटर करने के लिए ब्रेक लेने का फैसला किया। मैं हमेशा से थिएटर करना चाहती थी और मैं कभी भी किसी एक्टिंग स्कूल में नहीं गई और न ही प्रशिक्षण लिया। इसलिए आखिरकार, जब मुझे मौका मिला मैंने लोकप्रिय थिएटर अकादमी, स्टेला एडलर एक्टिंग थिएटर के लिए आवेदन किया, जो कि यूएसए में 75 साल पुरानी थिएटर अकादमी है।



उन्होंने कहा– मेरा मानना है कि हमारे जीवन में हर चीज का विशेष महत्व है, इसलिए जब जीवन आपको कुछ नया सीखने का मौका देता है, तो आपको इसे लेना चाहिए। मेरे जीवन के ये तीन साल निश्चित रूप से मेरे लिए फलदायी रहे हैं और मैं इससे खुश हूं।

अपनी वापसी के बारे में सान्वी ने कहाः काम से तीन साल के विश्राम के बाद, मैं फ्रेम में वापस आ गई हूं। मैंने एक नया शो अली बाबाः दास्तान–ए–काबुल साइन किया है और मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हूं। कहानी इतनी दमदार है कि इसने मुझे शो लेने के लिए प्रेरित किया।

अभिनेत्री ने कहा, दर्शक इस शो में मेरा एक अलग रंग देखने वाले हैं और मुझे यकीन है कि वह मुझे इस किरदार में पसंद करेंगे। मैं टीवी पर अपनी वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं।

## अक्षय–इमरान की सेल्फी का कुड़ी चमकीली गाने ने रिलीज होती ही मचाया धमाल

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सेल्फी को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस फिल्म में वह पहली बार इमरान हाशमी के साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। फिल्म के पहले गाने तू खिलाड़ी को खूब पसंद किया गया और फिल्म का दूसरा गाना रिलीज हो गया है। गाने का नाम चमकीली कुड़ी है। अक्षय कुमार और इमरान हाशमी पहली बार साथ मिलकर बड़ा धमाका करने वाले हैं। दोनों पहली बार फिल्म सेल्फी में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज किया जा चुका है। आज इसका एक और नया गाना कुड़ी चमकीली रिलीज हुआ है। यह गाना अक्षय कुमार और डायना पेंटी पर फिल्माया गया है, जिसे आवाज यो यो हनी सिंह ने दी है। वे साथ ही गाने में रैप करते भी नजर आए हैं। गाना कुड़ी चमकीली रिलीज हुए महज एक घंटा ही हुआ है, इसे सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है। लोग यो यो हनी सिंह कों दोबारा गाते हुए देख काफी खुश हैं। वहीं अक्षय कुमार और डायना पेंटी साथ में डांस करते हुए काफी अट्रैक्टिव लग रहे हैं। जाहिर है कि सॉन्ग




चमकीली कुड़ी से हनी सिंह और अक्षय कुमार ने कई दिनों बाद किसी सॉन्ग के लिए कोलेबोरेशन किया है। गौरतलब है कि ह्यसेल्फीह्व अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की एक–साथ यह पहली फिल्म है। ये फिल्म पृथ्वीराज सुकुमार की सुपरहिट मलयालम फिल्म ह्यड्राइविंग लाइसेंसह्व की रीमेक है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com